www.navpradesh.com

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 5 जुलाई 2022, शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-83 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

देखा हुआ सपना सपना ही रह जाता है जब तक व्यक्ति अपना पसीना नहीं बहाता है।

आज बेबाक

सही बात है। सोशल मीडिया अपनी लक्ष्मण रेखा लांघ रहा है। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए। सोशल मीडिया की क्या हर कोई अपनी लक्ष्मण रेखा लांघ रहा है। जाहिर है जब सभी ऐसा करेंगे तो सोशल मीडिया भला कैसे पीछे रह सकता है? दरअसल होना तो यह चाहिए कि लोकतंत्र के चारों आधार स्तंभ कार्यपालिका, व्यवस्थापिका, न्यायपालिका और मीडिया सभी के लिए एक सुस्पष्ट लक्ष्मण रेखा खींची जाए। हर कोई अपनी हद में रहे। जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक लक्ष्मण रेखाएं लांघी जाती रहेंगी। हो सकता है आगे चलकर भाई लोग लक्ष्मण रेखा को ही मिटाकर रख दें।

गौठानों में स्थानीय वनौषधि की उपलब्धता के हिसाब से प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करें : सीएम बघेल

- **वन धन केन्द्र डेवलप करने और, हाट बाजार क्लीनिक का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश**
- **मुख्यमंत्री ने बैकुण्ठपुर में जिला अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों से कहा कि कोरिया जिला का भ्रमण अच्छा रहा। आपको बधाई और बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में स्थानीय वनौषधि की उपलब्धता के हिसाब से प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करवाएं, ताकि स्थानीय उत्पाद का संवर्धन कर किसानों व वनवासियों को उचित लाभ दिया जा सके। मुख्यमंत्री आज बैकुण्ठपुर के विश्रामगृह में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में

यह बातें कही। बैठक में संसदीय सचिव श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, विधायक श्री गुलाब कमरो और डॉ. विनय जायसवाल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनवासियों को वन अधिकार पट्टा प्रदान किया जा रहा है, अब वहां वन धन केंद्र भी डेवलप करें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि तेंदूपत्ता की राशि वितरण में पारदर्शिता बरतें। हितग्राहियों को राशि मिला हैं कि नहीं, इस बात से हितग्राहियों को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम लोगों के आय में वृद्धि करना है, आम लोगों की जेब तक पैसे पहुंचे। कटकोना में महिला समूह के व्यवसायिक गतिविधियों की तारीफ करते हुए कहा कि व गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाकर बेच रहे हैं साथ ही भवन निर्माण में उपयोगी सेंट्रिंग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब आदित्य ठाकरे की विधायकी पर भी संकट!

व्हिप के खिलाफ जाने पर लग सकता है झटका

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र विधानसभा में सोमवार को एकनाथ शिंदे सरकार ने बहुमत साबित कर दिया। इस दौरान सरकार को 164 मत मिले और 99 वोट ही खिलाफ गए। एकनाथ शिंदे सरकार के खिलाफ पड़े वोटों में से एक मत आदित्य ठाकरे का भी है, जिन्हें अब अयोग्यता की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर की ओर से एकनाथ शिंदे गुट के भरत गोगावाले को शिवसेना के चीफ व्हिप की मान्यता दी थी। उन्होंने शिवसेना के चीफ व्हिप के तौर पर गोगावाले को मान्यता दी थी, जिनकी ओर से एकनाथ शिंदे सरकार के समर्थन में वोट डालने

की व्हिप जारी की थी।

दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे गुट की ओर से व्हिप सुनील प्रभु ने सरकार के खिलाफ वोट डालने को कहा था। इस पर उद्धव ठाकरे गुट के 15 विधायकों ने सरकार के खिलाफ मतदान किया था, जिनमें उद्धव ठाकरे भी शामिल हैं। अब कहा जा रहा है कि क्योंकि विधानसभा स्पीकर ने शिंदे गुट के चीफ व्हिप को ही मान्यता दी थी, ऐसे में उनके आदेश के उल्लंघन पर आदित्य ठाकरे और शिवसेना के अन्य 14 विधायकों के खिलाफ ऐक्शन हो सकता है। लेकिन ठाकरे कैंप ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिवसेना के पास अब नेता विपक्ष का भी पद नहीं रहा

एनसीपी के अजीत पवार को मिली कमान

हाल ही में मुख्यमंत्री की कुर्सी गंवाने वाली शिवसेना के पास अब नेता विपक्ष का भी पद नहीं रहा। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजीत पवार को सोमवार को विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के रूप में चुना गया। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र के अंतिम दिन सोमवार को सदन में महत्वपूर्ण शक्ति परीक्षण में जीत हासिल कर ली।एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने 164-99 के अंतर से फ्लोर टेस्ट जीता। इसी समय राकांपा विधायक दल के नेता जयंत पाटिल ने प्रस्ताव रखा कि अजित पवार महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता होंगे। बाद में इसे विधानसभा ने मंजूरी दे दी। शरद पवार ने कल जयंत पाटिल, अजीत पवार के साथ राकांपा नेताओं की बैठक की थी। विपक्ष चाहता था कि पार्टी का कोई वरिष्ठ नेता विपक्ष का चेहरा बने। शक्ति परीक्षण के दौरान 288 सदस्यीय सदन में 164 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि 99 विधायकों ने इसके खिलाफमतदान किया। तीन विधायक मतदान से दूर रहे, जबकि कांग्रेस के अशोक चव्हाण और विजय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नई संभावनाओं को साकार करने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं युवा: पीएम मोदी

भीमावरम (वार्ता)। आंध्र प्रदेश के भीमावरम में स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश में जो नये अवसर और आयाम खुल रहे हैं उनको साकार करने के लिए देश के युवा आगे आकर इस जिम्मेदारी को उठा रहे हैं।

स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती समारोह से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत करते हुए श्री मोदी ने कहा, ÷ देश की आजादी के लिए युवाओं ने आगे आकर नेतृत्व किया। आज नये भारत के सपने को पूरा करने के लिए युवाओं को आगे आने का यह सबसे उत्तम अवसर है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज की नयी संभावनाओं, अवसरों,

आयामों और नयी सोच को साकार रूप देने के लिए बड़ी संख्या में हमारे युवा ही आगे आकर इन जिम्मेदारियों को अपने कंधों पर उठाकर देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आंध्र प्रदेश के भीमावरम में अल्लूरी सीताराम राजू के 125वीं जयंती पर साल भर तक चलने वाले समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए पीएम ने स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू को एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक बताया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अल्लूरी ने हमारे देश को एकजुट किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा, ÷ अल्लूरी सीताराम राजू के जन्मस्थान का जीर्णोद्धार, चिंतापल्ली पुलिस थाने का जीर्णोद्धार और मोगल्लू में अल्लूरी मंदिर का निर्माण हमारी अमृत महोत्सव भावना का प्रतीक है।÷ उन्होंने कहा कि सीताराम राजू गारू के जन्म से लेकर उनके बलिदान तक, उनकी जीवन यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणा है। अल्लूरी राजू ने अपना जीवन दूसरों की भलाई के लिए और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांति लाने के लिए समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश वीरों और देशभक्तों की भूमि है। महान स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर ब्रिटिश राज के खिलाफ खड़े नेताओं तक ने स्वतंत्रता संग्राम में बहुत योगदान दिया है। यहां पिंगली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कुल्लू में बस के खाई में गिरने से 16 की मौत

- **25 अन्य घायल**

कुल्लू (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में सोमवार की सुबह एक यात्री बस के गहरी खाई में गिर जाने से स्कूली बच्चों समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी और 25 अन्य घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे

उस समय हुआ, जब सैंज की ओर जा रही बस नियोली-शानशेर मार्ग पर सैंज घाटी के जांगला इलाके में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिंदे ने विधानसभा में जीता विश्वास मत

मुंबई (वार्ता)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत प्रस्ताव जीत लिया। श्री शिंदे ने 164 मत हासिल किये , जो बहुमत से 20 अधिक है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार ने सदन के समक्ष विश्वास प्रस्ताव रखा जिसे श्री भरत गोगावाले ने समर्थन दिया। ध्वनि मत प्रक्रिया के बाद विपक्ष ने मतों के विभाजन की मांग की , जिसके लिये मतदान कराया गया।

जम्मू-कश्मीर में महसूस किए गए भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3.2 रही

जम्मू। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर 3.2 की तीव्रता वाला भूकंप आज सुबह 5.43 बजे पहलगाम के दक्षिण-दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में आया।

कश्मीर में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर 3.2 की तीव्रता वाला भूकंप आज सुबह 5.43 बजे पहलगाम से 15 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में आया। भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग अपने घरों से बाहर आ गए। भूकंप से अभी किसी तरह के जान माल के खतरे की खबर सामने नहीं आई है।

इससे पहले प्रदेश में 10 फरवरी को पर्यटन स्थल गुलमर्ग में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। तब इसकी तीव्रता 3.8 मापी गई थी। इसके अलावा पांच फरवरी को भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस वक्त तीव्रता 5.7 मापी गई थी। झटके जम्मू संभाग के उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़, पुंछ के साथ ही कश्मीर घाटी में महसूस किए गए थे।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के आंकड़ों पर डाले तो देश में एक जनवरी 2020 से लेकर 31 दिसंबर 2020 के बीच कुल 965 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री साहा ने राज्यसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली (वार्ता)। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में त्रिपुरा के बारदोवाली सीट से विधानसभा उपचुनाव जीतने वाले श्री साहा ने यहां उच्च सदन के सभापति और उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को अपना इस्तीफा सौंपा। श्री साहा ने ट्वीट किया, आज, मैंने भारत के उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू जी को राज्यसभा के सदस्यता से अपना त्याग पत्र सौंप दिया है।

उन्होंने कहा, उन्हें त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा का अवसर मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया। श्री साहा मार्च में त्रिपुरा से उच्च सदन के लिए चुने गए थे। श्री विप्लव कुमार देव के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद उन्होंने मई में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अग्निपथ स्कीम के खिलाफ दायर अर्जी पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

- **नोटिफिकेशन रद्द करने की मांग**

नई दिल्ली (ए.)। सेना में भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ स्कीम के विरोध में दायर अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। शीर्ष अदालत में अगले सप्ताह गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने के बाद इस पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट में दायर जनहित याचिका में एयरफोर्स कर्मियों का

कहना है कि इसके चलते उनका करियर 20 साल की बजाय महज 4 साल का ही हो जाएगा। याचिका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुर्ग में स्कूटी सवार दो सगे भाईयों को ट्रक ने रौंदा दोनों की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग के पटेल चौक में आज दर्दनाक हादसा हो गया, दो सगे भाइयों की मौत हो गई, यहां स्पीड से आ रहे ट्रक ने दो सगे भाइयों को रौंद दिया हैं।घटना में दोनों सगे भाई की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने ट्रक चालक गिरफ्तार कर और वाहन को जप्त किया। दुर्ग के पटेल चौक में दो सगे भाई को ट्रक ने कुचल दिया, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को ऐसे टक्कर मारा की मौके पर ही मौत हो गई, पुलिस ने बताया कि कलेक्ट्रेट से रजिस्ट्री कार्यालय की ओर बोरसी निवासी बीरबल साहू और मन्नू लाल साहू एक्टिव में सवार होकर आ रहे थे, इस दौरान ट्रक सीजी 07 सीए 9930 पटेल चौक के पास एक्टिव सवार को चपेट में लिया। घटना में दो लोगों की मौत हो गई। खबर लगते दुर्ग कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का शिनाख्त कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। शव को पीएम के लिए भेज दिया हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ज्ञानवापी मामले की मेरिट पर वाराणसी की जिला जज की अदालत में सुनवाई टली

- **मुस्लिम पक्ष 12 को फिर रखेगा पक्ष**

वाराणसी (ए.)। काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मामले की मेरिट पर वाराणसी की जिला जज की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। 30 मई को अदालत ने मुस्लिम पक्ष की दलीलें सुनने के बाद चार जुलाई तक के लिए सुनवाई टाल दी थी। आज भी मुस्लिम पक्ष के वकील ने दलीलें

पेश कीं। इसके बाद अदालत ने 12 जुलाई तक के लिए सुनवाई टाल दी है। उस दिन भी मुस्लिम पक्ष अपनी दलीलें रखेगा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला जज की अदालत में हो रही सुनवाई में सबसे पहले सिविल प्रक्रिया संहिता आदेश 07 नियम 11 पर मुस्लिम पक्ष के वकील अभयनाथ यादव को दलील पेश करने का मौका मिला है। इसमें तय होना है कि हिन्दू पक्ष की ओर से दायर मामला सुनवाई योग्य है या नहीं।

इससे पहले सुनवाई के लिए कोर्ट रूम में केवल वादी प्रतिवादी व अधिवक्ताओं को ही प्रवेश दिया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

कोरोना की डरावनी रफ्तार; हफ्ते भर में मिले 1 लाख से ज्यादा केस, मौतों में 54% की बढ़ोतरी

नई दिल्ली (ए.)। भारत में बीते हफ्ते कोरोना के एक लाख से अधिक नए केस मिले। पिछले चार महीनों में हफ्ते भर में सामने आए मामलों की यह सबसे बड़ी संख्या है। इन दिनों महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में संक्रमण दर में गिरावट देखी गई है जबकि बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और बिहार में केस बढ़ रहे हैं। 27 जून से 3 जुलाई के बीच कोरोना के एक्टिव केस 1.1 लाख के पार चले गए। इस दौरान 192 मौतें दर्ज हुई जो कि इससे पहले वाले हफ्ते में हुई 125 मौतों की तुलना में 54त्न ज्यादा है। इनमें से 44 फीसदी मौतें केरल में हुई। बीते दिन देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 16,135 नए मामले सामने आए, जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,35,18,564 हो गई। सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 1,13,864 पर पहुंच गई। जो कुल मामलों का 0.26 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संक्रमण से 24 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,223 हो गई। 24 घंटे में 13,958 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 28 लाख 79 हजार 477 रोगी कोविड से उबर चुके हैं।

जम्मू-कश्मीर: मतदाता सूची में संशोधन का इंतजार, एलजी ने दिए जल्द चुनाव के संकेत

जम्मू (ए.)। जम्मू और कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होने के आसार हैं। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज सिन्हा ने इस बात के संकेत दिए हैं। उन्होंने बताया कि नई मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। खास बात है कि तीन सालों के अंतराल के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची में संशोधन के आदेश दिए थे।

शनिवार रात कांग्रेस नेता करण सिंह के सम्मान समारोह में सिन्हा ने कहा कि सही समय पर राज्य का दर्ज भी सही समय पर बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने संसद में वादा किया था कि परिसीमन प्रक्रिया के बाद जम्मू और कश्मीर में चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नए सिरे से मतदाता सूची बाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इस प्रक्रिया के बाद चुनाव जरूर कराए जाएंगे।'

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिंह ने विधानसभा चुनाव कराने और जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग दोहराई। एलजी ने कहा कि यह बात कई बार दोहराई जा चुकी है कि परिसीमन के बाद चुनाव होंगे और सही समय पर राज्य का दर्जा भी बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई संदेह है।' केंद्र ने पांच अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था। उपराज्यपाल ने कहा कि सिंह एक सांसद हैं।

नूपुर शर्मा को गिरफ्तार करो, आप आग से नहीं खेल सकते; ममता बनर्जी ने फिर से उठाई मांग

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को एक बार फिर से मांग की कि नूपुर शर्मा को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि आखिर अब तक नूपुर शर्मा को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार क्यों नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी से जुड़ा विवाद भाजपा की ओर से रची गई साजिश का नतीजा है, जिसके तहत वह देश के लोगों को बांटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक साजिश है- भाजपा की एक नफरत भरी नहीं है और लोगों में विभाजन कराने की पॉलिसी है। नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 'आप आग से नहीं खेल सकते हैं।'

ममता बनर्जी ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि हम विभाजनकारी राजनीति में यकीन नहीं करते। हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध सभी लोगों के लिए हैं। ममता बनर्जी की ओर से नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग ऐसे समय में की गई है, जब कुछ दिन पहले ही कोलकाता पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था। यही नहीं कोलकाता पुलिस ने नूपुर शर्मा को नोटिस जारी कर पूछताछ में शामिल होने के लिए भी कहा था। कोलकाता के अलग-अलग थानों में नूपुर शर्मा पर दो केस दर्ज किए गए हैं।

संपादकीय

सभी के लिए तय हो लक्ष्मण रेखा

सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने की मांग गाहे बगाहे उठती ही रही है। सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने सोशल मीडिया को अपनी लक्ष्मण रेखा न लांघने की नसीहत दी है। उनका कहना सही है कि यदि सोशल मीडिया अपनी हदें पार करता रहा तो खतरनाक स्थिति पैदा हो सकती है। सोशल मीडिया पर सक्रीय लोग अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने से भी बाज नहीं आते है। धार्मिक उन्मान फैलाने में भी सोशल मीडिया का दुरूपयोग किया जाता है। यही वजह है कि सोशल मीडिया के पर कतरने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है लेकिन सवाल यह उठता है कि बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे। रही बात लक्ष्मण रेखा के उल्लंघन की तो यह सिर्फ सोशल मीडिया में ही नहीं हो रहा है बल्कि प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया भी लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन करने में पीछे नहीं है। लोकतंत्र के चार स्तंभ बताए गए है और इन चारों स्तंभों में भी लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन हो रहा है। कार्यपालिका, व्यवस्थापिका, न्यायपालिका और मीडिया इनमें से कोई भी लक्ष्मण रेखा के उल्लंघन के आरोप से बरी नहीं हो सकता। आज जरूरत इस बात की है कि सभी के लिए एक स्पष्ट लक्ष्मण रेखा तय की जाए और उसका उल्लंघन करने वालों को दंडित करने का प्रावधान किया जाए। सबके लिए सिर्फ आचार संहिता बना देने भर से काम नहीं चलेगा क्योंकि ऐसी तथा कथित आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाना आम बात हो गई है। इसलिए यह जरूरी है कि इस बारे में कड़े कानूनी प्रावधान किए जाएं ताकि कोई भी अपनी लक्ष्मण रेखा को लांघने का दुःसाहस न करें। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर एक दूसरे की भावनाओं को ठेंस पहुंचाने या धार्मिक उन्मान फैलाने वाले लोगों के लिए तो और भी ज्यादा कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है। जब तक ऐसी कड़ाई नहीं बरती जाएगी तब तक अप्रीय स्थितियां निर्मित होती रहेंगी और लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन करने की प्रतिस्पर्धा चलती ही रहेगी। जो लोकतंत्र के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

विचार

भारत में क्यों चलाएं धर्मयुद्ध?

नुपुर शर्मा के मामले में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के दो जजों ने बहस के दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उन्हें लेकर देश में काफी बहस छिड़ गई है। अनेक लोग उनकी टिप्पणियों पर सख्त नाराजी जाहिर कर रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या के लिए नुपुर को जिम्मेदार ठहरानेवाले जजों से कोई पूछे कि उनकी नुपुर-विरोधी टिप्पणियों के कारण यदि नुपुर या किसी अन्य व्यक्ति की हत्या हो जाए तो क्या इन सम्मानीय जजों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? यह तो सबको पता है कि जजों की टिप्पणियां उनके फैसले का अंग नहीं हैं, इसलिए उनका कोई कानूनी महत्व नहीं है। उन्हें बाजारू गप-शप की तरह अनदेखा भी किया जा सकता है और उस याचिका की भी जरुरत दिखाई नहीं पड़ती कि ये जज अपने टिप्पणियां वापिस लें। उन्होंने वकील के बयानों के जवाब में उत्तेजित होकर उसी तरह तीखी टिप्पणी कर दी, जैसे कि टीवी संवाद के दौरान नुपुर ने जवाब में वह टिप्पणी कर दी थी, जिसने काफी गलतफहमी पैदा कर दी है। इन जजों का यह प्रश्न भी ध्यान देने लायक है कि पत्रकार तो वैसी टिप्पणी कर सकता है लेकिन किसी पार्टी-प्रवक्ता को उत्तेजित होकर वैसी टिप्पणी करनी चाहिए क्या? हमारे राजनीतिक नेता और उनके प्रवक्ता खास तौर से टीवी चैनलों पर काफी निरंकुश टिप्पणियां कर देते हैं। उनको उसका करारा जवाब विरोधी लोग दिए बिना मानते नहीं हैं। टीवी मालिक तो यही चाहते हैं। यदि तू-तू मैं-मैं जमकर चले तो उनकी दर्शक-संख्या बढ़ेगी लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि इससे देश का कितना नुकसान हो सकता है। ऐसी बहसों को रोकने के लिए टीवी चैनलों पर भी अंकुश लगाया जाना जरुरी है। बेहतर तो यही हो कि इस तरह के विवादास्पद मुद्दों पर जो भी बहस हो, उसे पहले से रेकार्ड और संपादित करके ही जारी किया जाए। वरना जो कुछ उदयपुर और अमरावती में हुआ है, वह बड़े पैमाने पर भी हो सकता है। स्वतंत्र भारत के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन ने अपने दिल का दर्द कल अमेरिका के भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए सार्वजनिक कर ही दिया। उन्होंने कहा कि सत्तारुढ़ और विपक्षी नेता, दोनों ही चाहते हैं कि न्यायपालिका उनकी तरफ झुके लेकिन उसका धर्म उसके निष्पक्ष रहने से ही सुरक्षित रह सकता है। बहुत दुख की बात है कि हमारे प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी रोटियां सेंकने से अब भी बाज नहीं आ रहे हैं। क्या उन्हें इस बात का ज़रा भी अंदाज नहीं है कि उनकी कारगुजारियों के चलते यह धर्म-निरपेक्ष भारत धर्मयुद्ध का स्थल बन सकता है?

टेक ज्ञान-

13 हजार से सस्ता नया फोन लॉन्च

नई दिल्ली। मोटोरोला ने भारत में एक नया स्मार्टफोन Moto G42 लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि यह अपने सेगमेंट का सबसे स्टाइलिश स्मार्टफोन है। फोन की कीमत 14 हजार रुपये से भी कम है। फोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप के साथ 20W फास्ट चार्जिंग जैसे फीचर्स दिए गए हैं। आइए जानते हैं ज्यादा डिटेल्स मोटो जी42 स्मार्टफोन को सिर्फ एक ही वेरिएंट में लाया गया है। इसमें 4 जीबी रैम के साथ 64 जीबी स्टोरेज मिलती है। फोन की कीमत 13,999 रुपये रखी गई है। हालांकि, SBI क्रेडिट कार्ड के जरिए 1000 रुपये की छूट मिलेगी, जिसके बाद फोन को 12,999 रुपये में खरीद सकते हैं।

जीएसटी : पांच साल बेमिसाल

निर्मला सीतारमण

> *शुरुआत के बाद से, जीएसटी का शासन आईटी आधारित और पूरी तरह से स्वचालित बना हुआ है। प्लेटफार्म के परिचालन के लिए पेशेवर रूप से प्रबंधित प्रौद्योगिकी कंपनी; जीएसटीएन का निर्माण सही दिशा में उठाया गया कदम था। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर क्षमताओं की निरंतर समीक्षा और उन्नयन ने प्रणाली को कार्यकुशल रखने में मदद की है। सीमा शुल्क द्वारा स्वचालित आईजीएसटी रिफंड की प्रणाली और जीएसटी अधिकारियों द्वारा निर्यातकों को संचित इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की वापसी ने निर्यात वस्तुओं और सेवाओं पर इनपुट करों को निर्बाध व समस्या मुक्त बना दिया है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी मामलों से संबंधित अधिकांश मुकदमे आईटीसी तथा जीएसटी अधिकारियों को सम्मन जारी करने, व्यक्तियों की गिरफ्तारी, वसूली के लिए संपत्ति की कुर्की आदि जैसे प्रवर्तन के विभिन्न पहलुओं से संबंध में प्राप्त शक्ति के मुद्दों से जुड़े हुए हैं।*

आज हमारे देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू किए जाने के 5 साल पूरे हो गए हैं। इस पर पहली बार चर्चा वर्ष 2003 में अप्रत्यक्ष करों पर केलकर कार्यदल की रिपोर्ट में की गई थी और इस तरह से जीएसटी को मूर्त रूप देने में 13 साल का लंबा समय लग गया। वर्ष 2017 से ही जीएसटी को स्वाभाविक रूप से शुरुआती समस्याओं का सामना करना पड़ा है। लेकिन शुरुआती समस्याओं से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी द्वारा ढाए गए व्यापक कहर और इसके बेहद प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने के बाद यह काफी मजबूती के साथ उभर कर सामने आया है। इसका श्रेय जीएसटी परिषद को जाता है क्योंकि उसके जरिए ही केंद्र और राज्यों ने न केवल संकट का सामना करने के लिए, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को फिर से तेज विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए एक-दूसरे का हाथ बड़ी मजबूती के साथ थाम लिया। यह एक साथ मिलकर काम करने का ही सुखद नतीजा है कि भारत इस वर्ष के साथ-साथ अगले साल के लिए भी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर सामने आया है, जैसा कि कई दिग्गज संस्थानों द्वारा अनुमान लगाया गया है।

वर्ष 2017 में भारत में लागू होने से बहुत पहले ही कई देशों ने जीएसटी व्यवस्था को अपने यहां बाकायदा अपना लिया था। लेकिन भारत में जीएसटी परिषद का स्वरूप अपने आप में अद्वितीय है। भारतीय राजनीति के अर्ध-संघीय स्वरूप, जिसमें केंद्र और राज्यों दोनों को ही कराधान का स्वतंत्र अधिकार प्राप्त था, को देखते हुए इसके लिए एक अद्वितीय समाधान की नितांत जरूरत थी। विभिन्न आकार वाले राज्यों और विरासत में मिली अपनी कर प्रणाली के साथ विकास के विभिन्न चरणों से गुजर रहे राज्यों को जीएसटी के तहत एक साथ लाया जाना था। यही नहीं, राजस्व संग्रह के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मामले में भी राज्य विभिन्न चरणों से गुजर रहे थे। इस तरह के हालात में एक संवैधानिक निकाय 'जीएसटी परिषद' और भारत के लिए अद्वितीय जीएसटी समाधान (दोहरा जीएसटी) की नितांत आवश्यकता महसूस की गई। कुछ अपवादों को छोड़ केंद्र और राज्यों दोनों के ही करों को जीएसटी में समाहित कर दिया गया। 17 अलग-अलग कानूनों का विलय कर दिया गया और जीएसटी के माध्यम से 'एकल कराधान' अमल में लाया गया।

> **औसत मासिक संग्रह 2020-21 के 1.04 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 1.24 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस साल के पहले 2 महीनों में औसत संग्रह 1.55 लाख करोड़ रुपये रहा। यह उम्मीद उचित है कि यह निरंतर वृद्धि का रुझान जारी रहेगा। जीएसटी ने सीएसटी/वैट व्यवस्था के तहत भारतीय राज्यों के बीच मौजूद कर मध्यस्थता को समाप्त कर दिया है। एक हस्तक्षेप करने वाली नियंत्रण प्रणाली, जिसमें सीमा चौकियों को शामिल करना और माल से लदे ट्रकों का भौतिक सत्यापन शामिल था, से बाधाएं पैदा होती थीं, जिसके परिणामस्वरूप समय और ईंधन की हानि होती थी। परिणामस्वरूप कार्गो की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक, देश के भीतर भी, आवश्यक पैमाना और दक्षता हासिल नहीं कर पाया।**

भारत में जीएसटी परिषद ने जीएसटी के प्रमुख मुद्दों यथा दरों, छूट, व्यावसायिक प्रक्रियाओं और आईटीसी के संचालन इत्यादि पर राष्ट्रीय सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जुलाई 2017 में 63.9 लाख से भी अधिक करदाताओं ने जीएसटी को अपना लिया था। करदाताओं की यह संख्या जून 2022 तक दोगुनी से भी अधिक बढ़कर 1.38 करोड़ से ज्यादा हो गई है। 41.53 लाख से भी अधिक करदाता और 67 हजार ट्रांसपोर्टर ई-वे पोर्टल पर पंजीकृत हो गए हैं, जो प्रति माह औसतन 7.81 करोड़ ई-वे बिल सृजित करते हैं। इस सिस्टम को लॉन्च किए जाने के बाद से लेकर अब तक कुल 292 करोड़ ई-वे बिल सृजित हुए हैं, जिनमें से 42 प्रतिशत ई-वे बिल विभिन्न वस्तुओं की अंतर-राज्य ढुलाई से जुड़े हुए हैं। इस साल 31 मई को एक दिन में सबसे ज्यादा 31,56,013 ई-वे बिल सृजित किए गए थे।

औसत मासिक संग्रह 2020-21 के 1.04 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 1.24 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस साल के पहले 2 महीनों में औसत संग्रह 1.55 लाख करोड़ रुपये रहा। यह उम्मीद उचित है कि यह निरंतर वृद्धि का रुझान जारी रहेगा।

जीएसटी ने सीएसटी/वैट व्यवस्था के तहत भारतीय राज्यों के बीच मौजूद कर मध्यस्थता को समाप्त कर दिया है। एक हस्तक्षेप करने वाली नियंत्रण प्रणाली, जिसमें सीमा चौकियों को शामिल करना और माल से लदे ट्रकों का भौतिक सत्यापन शामिल था, से बाधाएं पैदा होती थीं, जिसके परिणामस्वरूप समय और ईंधन की हानि होती थी। परिणामस्वरूप कार्गो की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक, देश के भीतर भी, आवश्यक पैमाना और दक्षता हासिल नहीं कर पाया। माल की लागत में लॉजिस्टिक की लागत 15 प्रतिशत तक होने का अनुमान लगाया गया था। आईजीएसटी के तहत और ई-वे बिल के साथ ऐसी कोई मध्यस्थता नहीं होने से, लॉजिस्टिक आपूर्ति श्रृंखला की क्षमता कई गुना बढ़ गई है। विभिन्न साधनों वाली परिवहन व्यवस्था पर हमारे विशेष ध्यान और अब पीएम गति शक्ति के कारण इन लाभों का बढ़ना निश्चित है।

जीएसटी-पूर्व की व्यवस्था में, अधिकांश वस्तुओं पर, केंद्र और राज्यों की संयुक्त दरें 31 प्रतिशत से अधिक थीं। हालांकि, जीएसटी के तहत 400 से अधिक वस्तुओं और 80 सेवाओं की दरों में कमी हुई है। उच्चतम 28 प्रतिशत दर भोग और विलासिता की वस्तुओं तक ही सीमित है। 28 प्रतिशत की श्रेणी में कुल 230 वस्तुएं थीं, इनमें से करीब 200 वस्तुओं को कम दरों वाली श्रेणियों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया गया है। उद्देश्य यह है कि उनके कर और अनुपालन का बोझ कम रखा जाए। समान रूप से, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण भी था कि वे आईटीसी के उद्देश्य के लिए आपूर्ति श्रृंखला के साथ एकीकृत रहें।

भाजपा की दक्षिणांचल चाल की शिकार होंगी क्षेत्रीय पार्टियां

विष्णुगुप्त

> *तमिलनाडु में कांग्रेस और कम्युनिस्टों के साथ करूणानिधि कुनबे की सरकार है। इसलिए वहां पर भाजपा की संभावनाएं बहुत ही अधिक है। पिछले विधान सभा चुनावों में भी भाजपा ने अपने बल पर अच्छी सफलताएं हासिल की हैं। तमिलनाडु मे नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की कई संभाएं हो चुकी है। नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की तरफसे तमिलनाडु के लिए कई सुविधाएं और योजनाएं दी हैं। नरेन्द्र मोदी की नीति अपनी सरकार की जन योजनाओं का लाभ तमिलनाडू की सरकार को देकर अपनी पार्टी के जनाधार को विकसित करना है। सत्ता विरोधी वोट किधर जायेंगे? सत्ता विरोधी वोट का एक विकल्प भाजपा भी हो सकती है।*

भाजपा की केन्द्रीय कार्यकारिणी की हैदाराबाद मे हुई बैठक के कई संदेश हैं। पहला सदंश यह है कि भाजपा अपना विस्तार दक्षिण में करने को लेकर अति गंभीर है, दूसरा संदेश यह है कि दक्षिण में भाजपा की चाल बहुत ही आक्रामक होगी, तीसरा संदेश यह है कि भाजपा अपनी आक्रामक दक्षिणांचल चाल से वैसे क्षेत्रीय पार्टियों का अपना शिकार बनायेगी जो सत्ता में बैइे हुए हैं, चौथा संदेश यह है कि अब केन्द्र की भाजपा सरकार दक्षिण के राज्यों में अपनी धनराशि का बड़ा भाग खर्च करेगी, पांचवा संदेश यह है कि दक्षिण में अब भाजपा अपना मूल हथियार हिन्दुत्व को लेकर जनता के बीच वातावरण तैयार करेगी। इन पांचों संदेशों के अलावा भी कई अन्य संदेश भी हैं। भाजपा अपना विस्तार दक्षिण में करना चाहती है और अपने विस्तार को लेकर आक्रामक होगी, इसमें अस्वाभाविक कुछ भी नहीं है। कोई भी पार्टी लोकतत्र में अपना विस्तार करने के लिए स्वतंत्र हैं और अपने विस्तार के लिए तरह-तरह की नीतियां बनाती हैं, कुछ नीतियां लोकप्रिय भी होती हैं, कुछ नीतियां अलोकप्रिय भी होती हैं, नीतियां उफान भी पैदा करती हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनाधार का विस्तार एक अनवरत प्रक्रिया है। किसी का जनाधार खिसकता है तो किसी का जनाधार बढ़ता है। जहां तक केन्द्रीय सत्ता पर राज करने वाली पार्टी भाजपा का प्रश्न है तो उसका जनाधार विस्तार के राह पर अग्रसर है, जनाधार के मामले में भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है, देश के आधे से अधिक राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। पहले भाजपा को हिन्दी प्रदेशों की ही पार्टी मानी जाती थी और भाजपा की पहचान हिन्दू और हिन्दी के प्रतीक समर्पित होने वाली पार्टी जानी जाती थी। भाजपा ने अपनी यह छवि बदली है और अब भाजपा हिन्दी प्रदेशों से बाहर भी सफलता के झंडे गांडी हैं, अंग्रेजी वर्चस्व और तमिल, तुलगू व कन्नड, मलयालम जैसी देशज भाषाओं से भाजपा को अब कोई परहेज भी नहीं है।

भाजपा की दक्षिणांचल चाल की आक्रमकता की ध्वनी अभी से ही सुनाई पड़ रही है और खासकर क्षेत्रीय पार्टियों के लिए यह आक्रामक ध्वनी खतरे की घंटी हैं। इस खतरे की घंटी नहीं सुनने वाली पार्टियों को वही हाल होगा जो बिहार में लालू, उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की पार्टियों को हुआ है। तेलंगाना राष्ट्र समिति इस खतरे की घंटी को सुन रही है। तेलंगाना राष्ट्र समिति ने भाजपा की इस चाल का नोटिस भी लिया है। इसलिए भाजपा और तेलंगाना राष्ट्र समिति के बीच तल्खी भी बढ़ रही है और राजनीतिक रार का नया मोर्चा भी खुला हुआ है। कुछ घटनाओं का यथार्थ भी यहां प्रस्तुत है। भाजपा की हैदराबाद में हुई केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तेलंगाना सरकार का एक जासूस पकड़ा गया। वह जासूस पुलिसवाला था। पुलिसवाले ने अनाधिकार प्रवेश करते हुए गोपनीय प्रस्ताव फाइल की फोटो भी मोबाइल से खीच लिया था। भाजपा कार्यकताओं ने उस जासूस पुलिसवाले को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। भाजपा ने सीधे तौर पर इस जासूसी के लिए तेलंगाना राष्ट्र समिति की सरकार पर आरोप लगाया। भाजपा ने अपने आरोप में कहा कि तेलंगाना की सरकार जासूसी करा कर राजनीतिक शिष्टाचार को कंलकित किया है और भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में जरूरी सुरक्षा व्यवस्था को संकट में डाला है। दूसरी घटना प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल का है।

प्रधानमंत्री जब किसी प्रदेश में जाते हैं तो प्रोटोकॉल के अनुसार मुख्यमंत्री हवाई अड्डे या फिर नीयत स्थल पर आगवानी करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैंदराबाद कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेने के लिए हैदराबाद पहुंचे पर मुख्यमंत्री स्वागत के लिए उपस्थित नहीं थे। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को लेकर मुख्यमंत्री और तेलंगाना राष्ट्र समिति को आखिर परेशानी क्या है? तेलंगाना के मुख्यमंत्री को परेशानी है कि उनके जनाधार पर डाका डालने की कोशिश भाजपा क्यों कर रही है? जानना यह भी जरूरी है कि 2019 के लोकसभा चुनावो में तेलंगाना में भाजपा को चौंकाने वाली सफलता मिली थी। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हैदराबाद नगर निगम के चुनावों में भाजपा ने लंबी छलांग लगायी थी और तेलंगाना राष्ट्र समिति को भयंकर चुनौती दी थी। हैदराबाद में भाजपा की स्थिति बहुत ही मजबूती होती जा रही है, क्योंकि ओवैशी और ओवैशी के कूनबे की मजहबी बयानबाजी से भाजपा का जनाधार तेजी से विकसित हो रहा है और हिन्दुओं के बीच जागरूकता भी आ रही है। तेलंगाना के अलावा आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु पर भाजपा का विशेष ध्यान है। आंध प्रदेश में जगन रेड्डी की सरकार है। जगन रेड्डी भाजपा के खिलाफ उस तरह के मोर्चा नहीं खोले हुए हैं जिस तरह के आक्रामक मोर्चा तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने खोल रखे हैं। जगन रेड्डी इस मामले में थोड़ा चालाक भी हैं और होशियार भी है, उन्हें भविष्य की चुनौतियों का भी ख्याल है। जगन रेड्डी को मालूम है कि भाजपा आगे भी देश की सबसे बड़ी पार्टी रहेगी। इसके अलावा जगन रेड्डी का विरोधी तेलगू देशम पार्टी और उसके सरगना चन्द्रबाबू नायडू है। चन्द्रबाबू नायडू की नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रति दुश्मनी कैसी है? यह भी उल्लेखनीय है। कभी चन्द्रबाबू नायडू ने मोदी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मोर्चा खोला था और मोदी को पराजित कर प्रधानमंत्री बनने का सपना देखा था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रार ठानोगे यदि

रार ठानोगे यदि तुम रास्तो से ,
मंजिलों पर कौन फिर ले जाएगा।
शूल से घबरा गए यदि तुम अमित, चुन सुमन फिर कौन लेकर आएगा। सबकी मर्यादा यहाँ - सम्मान है - उसके हिस्से का उसे यश दीजिए। तट यदि विद्रोह पर आ जाएँ तो, शहर में सैलाब फिर लहराएगा।।

- अमित शिवकुमार दुबे

खास पाती | एकांत का क्षणिक होना शांति

एकांत का क्षणिक होना शांति देता है किन्तु लंबे समय तक रहना बन जाता है एकाकीपन मन की सतह पर काई की तरह जमने लगती है नकारात्मकता,उदासीनता और बदलने लगता है हमारा स्वभाव,हमारे विचार नई रौशनी चुभन लगती है और मन तम की ओर आकर्षित होने लगता है ख़ामोशी घुटन में बदल जाती है और घुटन जीवन को निगलने लगता है तब आवश्यक है खुलकर बोलना,मुस्कुराना, खुली हवा में सांस लेना अपने भीतर एक नई ऊर्जा को संचालित करना स्वयं को व्यस्त रखना अपने लिए जीना चाहे वह माध्यम कला, शिक्षा या मनोरंजन का हो किंतु बहुत जरूरी है स्वयं को समय देना और जीवन का अपने अनुरूप ढालना।- **माया देवांगन**

यह पहली सीढ़ी चढ़े हो तुम

यह पहली सीढ़ी चढ़े हो तुम आसमां की तरफ जो इसका जरिया याद रखना उन अपनो का ध्यान रखना हिम्मत जिसने दी होउनकी उम्मीद तुम बनना उम्मीद मत तोड़ना तुम उन अपनो को याद रखना उजाला जब बढेगा तुम्हारा अंधेरा दूर होगा दीपक जलाये जिसने उन अंधेरों में याद रखना ज्यादा ना दूर जाना ना हाथ तुम छुड़ाना सिखाया था जिसने चलनाउन उंगलियों को याद रखना आँखों में रोशनी भी जब चौतरफा बढ़ेगी चूल्हे, फुँकनी और उन दुखती आंखों को याद रखना। - **मुनेश शर्मा**

कई बार हमारे दुख

कई बार हमारे दुख का कारण दूसरे लोग होते हैं। चंद अपराधी हमारे भाग्य का निर्माता बन जाते हैं और हमारा जीवन निगल जाते हैं। जैसे निर्भया का जीवन चंद हत्यारे निगल गए। बेगुनाहों का अपराध के शिकंजे से बचना नामुमकिन है। कभी कभी मन नकारात्मकता से भर जाता है। जीने की इच्छा नहीं होती।

- प्रियंका प्रीयदर्शनी

कुछ तो बात है तुम में जो सबसे

कुछ तो बात है तुम में जो सबसे अलग होते है यूँही नही हम तुम पर मरते है क्या बात है ये हमसे पूछना नही हर बात ही तुम्हारा सबसे जुदा होते है ये चंचल भरी आंखे कई सवाल मुझसे हरदम करते है एक जवाब हो तो हम तुमसे कहते ।

- प्रीति श्रीवास्तव

यह सही समय है कि इस पर

यह सही समय है कि इस पर विचार हो कि किसी दल के शासन के समय नियुक्ति पाये अधिवक्ताओं के नाम पर न्यायधीश बनाने वाले कोलेजियम मे विचार ही न हो ,जो भी अधिवक्ता किसी पार्टी के सिम्बल पर चुनाव लड चुका हो उनके नाम पर भी विचार न हो ,जिनके पिता,माता ,भाई,पत्नि किसी दल के सक्रिय कार्यकर्ता ,पदाधिकारी ,मंत्री ,सांसद ,विधायक हो या रहे हो उनके नाम पर भी विचार न हो । **- एड् अरूण कुमार गुप्ता**

जब बात हिंदुत्व की हो सनातनी

जब बात हिंदुत्व की हो,सनातनी स्वाभिमान की हो,कन्हैया संग न्याय की हो तब भी लोभवश भारत बंद का समर्थन न् कर दुकान खोले रखना दर्शाता है क्यों हिंदुओं के आराध्य को कोई भी ऐरा गैरा गाली दे देता है,,क्यों दिन दहाड़े तालिबानी मंसूबे कामयाब होते है,,,,आज कन्हैया है कल आप होंगे और जिम्मेदार भी आपका यह लालच हो होगा।

-कवि सुनिल शर्मा नील

लोगों के उम्मीद और जज्बातों से मजाक करना ठीक नहीं साहेब कुछ

लोगों के उम्मीद और जज्बातों से मजाक करना ठीक नहीं साहेब कुछ लोग कहते फिरते हैं हम हैं न हमसे जैसे भी होगा सहयोग और साथ देंगे ये भाषण बाजी में लोग अक्सर कहते हैं और मलहम मलने की कोशिश करते हैं जबकि ऐसा कुछ कोई किसी का सहयोग नहीं करता ऐसे लोग सिर्फ भीड़ में वाहवाही लेने के लिए बोल देते हैं असल में वे सामने वाले को बेकूफ़ बनाते हैं ऐसे किसी के साथ मजाक ठीक नहीं ।जब किसी की उम्मीद ,जज्बात का आप कदर नहीं करते तो मलहम लगाना बन्द कर दें साहब । **-लक्ष्मी नारायण लहरे**

QUIZ TIME

1) भारत में रेटिना संस्थान का उद्घाटन कहाँ किया गया?
2) चाल्कोसाइट से कौन सी धातु निकाली जा सकती है?
3) यूरो से पहले स्लोवाकिया की मुद्रा क्या थी?
4) विश्व सीरीज हॉकी का उद्घाटन विजेता कौन सी टीम है?
5) मानव बांह में स्काफॉइड हड्डी कहाँ होती है?

Ramaquiz

उत्तर- (1) हैदराबाद (2) तांबा (3) कोरुना (4) [illegible] (5) कलाई

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1658 : मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया। 1811 : वेनेजुएला ने स्पेनिश साम्राज्य से अपनी आजादी की घोषणा की। 1841 : थॉमस कुक ने इंग्लैंड में अपना पहला रेलवे भ्रमण की व्यवस्था किया। 1848 : हंगरी के राष्ट्रीय क्रांतिकारी संसद ने काम करना शुरू किया। 1922 : नीदरलैंड में पहला आम चुनाव हुआ। 1924 : ब्राजील के साउ पाउलो में सैन्य विद्रोह हुआ। 1945 : लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के संसदीय चुनावों में विजय हासिल की। 1947 : भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम ब्रिटिश संसद में प्रस्तुत किया गया जिसे बाद में शाही स्वीकृति मिल गई। 1954 : बीबीसी ने पहला टेलीविजन न्यूज बुलेटिन का प्रसारण किया। 1954 : आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट की स्?थापना में हुई। 1962 : अल्जीरिया के ओरान में हुए नरसंहार में 96 लोगों की मौत हुई। 1962 : फ्रांस ने अल्जीरिया को स्वतंत्र किया। 1968 : भारत की पहली पनडुब्बी तत्कालीन सोवियत रूस से पहुंची। 1969 : टॉम बोया में केन्याई के विकास मंत्री, की हत्या कर दी गयी। 1975 : 31 साल के अमेरकी टेनिस खिलाड़ी आर्थर ऐश विंबलडन एकल प्रतियोगिता जीतने वाले पहले अश्वेत थे। 1977 : जनरल जिया उल हक के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना ने देश की सत्ता पर कब्जा जमाया, जनरल जिया उल हक ने सत्ता संभाली। 1977 : पाकिस्तान की सैनिक क्रान्ति में प्रधानमंत्री भुट्टो सत्ताच्युत एवं गिरफ्तार। जनरल जिया उल हक ने सत्ता संभाली। 1981 : राजन महादेवन ने गणित के 'पाई' के 31 हजार 811 अंकों की गणना कर विश्व रिकार्ड बनाया।

न्यूज गैलरी

अधिवक्ता को कार बेचने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर (नव प्रदेश)। सिरगिट्टी पुलिस ने अधिवक्ता को कार बेचने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से ठगी में प्रयुक्त मोबाइल को जब्त किया है। तिफरा स्थित नगर पालिका आफिस के पास गणेश नगर निवासी अधिवक्ता काशीनाथ नंदे(54) ने तीन जून को धोखाधड़ी की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उन्हें ओएलएक्स में विज्ञापन के जरिए हुंडई की क्रेटा कार बेचे जाने की जानकारी मिली थी। उन्होंने 31 मई 2020 को ओएलएक्स पर दिए नंबर पर संपर्क किया। फोन पर बात करने वाले अपना नाम अजय नायक निवासी भाठापारा, जिला बलौदा बाजार बताया। उसने चार लाख रुपये में सौदा तय किया। इस दौरान काशीनाथ को बताया कि कार नागपुर स्थित सीआइएसएफ कालोनी में है। पहली किस्त में अधिवक्ता से आनलाइन सात हजार 150 रुपये जमा कराया गया। फिर उन्हें बताया कि वाहन को आर्मी पोस्टल सर्विस डिपार्टमेंट के माध्यम से पार्सल किया जाएगा। इसके लिए उन्हें रसीद भेजी गई। इसके चलते उन्हें विश्वास हो गया कि गाड़ी का सौदा हो गया है और उन्हें पार्सल कर दिया जाएगा। अलग-अलग बहानों से जालसाजों ने उनसे 33 हजार र्स्पये ले लिए। बाद में और र्स्पये मांगने पर अधिवक्ता को धोखाधड़ी की आशंका हुई। उन्होंने इसकी शिकायत सिरगिट्टी थाने में की। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान साइबर सेल को पता चला कि आरोपित हरियाणा में रहता है। इस पर पुलिस की टीम हरियाणा भेजी गई। टीम ने हरियाणा के नूह मेवात जिला अंतर्गत फिरोजपुर थाना क्षेत्र के धमाला गांव में दबिश देकर आरोपित तारिफ खान(25) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से ठगी में प्रयुक्त मोबाइल को जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया है।

थाना प्रभारी को दी विदाई

बिल्हा (नव प्रदेश)। थाना परिसर में थाना स्टाफ के द्वारा थाना प्रभारी पारस पटेल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सादर विदाई दी गई। वही बिल्हा थाना प्रभारी पारस पटेल ने अपने विदाई समारोह में कहा की आप लोगों का अच्छा सहयोग मिला और टीम भावना के साथ कार्य करने का प्रतिसाद मिला है जिसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। मेरे सोच के अनुरूप समय पर कार्य पूर्ण करते रहे वह काबिले तारीफ है। उन्होंने सभी थाना स्टाफ को स धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौर उपनिरीक्षक.रामचन्द्र साहू .सउनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव .राजेशधर दीवान. खेम सिह.शत्रुहन मेश्राम. .धारा सिंह . भागिरथी मरावी .रवि शेखर सिरो. दिनेश कुमार पटेल. जय कुमार बंजारे. शशीकांत कौशिक. मौसम साहू. रंजीत खलखो.नरसिंह राज. सुरेंद्र कौशिक .रूपलाल चंद्रा. राजकुमार पाटले .शत्रुहन जगत तिलेंद्र श्रीवास.सोमेश्वर साहू. शत्रुहन कौशिक.जय शंकर साहू. अविनाश कुमार .अमित पाण्डेय. हेम लाल मरावी.बिंदा अवस्थी. रोशनी चतुर्वेदानी. सहित समस् स्टॉप एवं पत्रकार राजेन्द्र डहरिया. पत्रकार कौशलेंद्र सारथी . पत्रकार राम भारद्वाज पत्रकार मनहरण बंजारे आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि आपका स्थानांतरण चौकी प्रभारी बेलगहना के रूप में हुई है।

निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने एडीएम को सौंपा कार्यभार

बिलासपुर (नव प्रदेश)। निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज अपना कार्यभार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयश्री जैन को सौंपा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर को प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ बोर्ड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के पद पर पदस्थ किया गया है।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने संभाला कार्यभार

बिलासपुर (नव प्रदेश)। बिलासपुर जिले के नव नियुक्त कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने आज 4 जुलाई 2022 को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। एडीएम श्रीमती जयश्री जैन ने उन्हें कार्यभार सौंपा। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री कुमार 2009 बैच के आईएएस अधिकारी है। इसके पूर्व वे रायपुर एवं दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर रहे चुके है। इसके अलावा कलेक्टर श्री कुमार ने बिलासपुर एवं रायपुर नगर निगम में कमिश्नर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है।

सूने मकान में चोरी के मामले मे एक साल बाद महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (नव प्रदेश)। एक साल पहले सूने मकान से की गई चोरी के मामले में एक महिला समेत तीन आरोपितों को पुलिस ने अब गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से बाइक, 8950 नगद समेत सामान बरामद किया। मामला उरगा थाना अंतर्गत सेमीपाली का है। यहां निवासरत रामप्रसाद मधुकर के मकान से एक वर्ष पहले नगदी समेत 1.65 लाख रुपये के सामान की चोरी कर ली गई थी। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। आरोपितों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेमीपाली में हुई चोरी के मामले में तीन लोग शामिल हैं। इस पर उरगा पुलिस ने टीम बना कर मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी। पुलिस ने मनीष गुप्ता, सुमित्रा जाटव व भावेश कुमार भास्कर को गिरफ्तार किया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर तीनों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से 8950 नगदी व मनीष गुप्ता से एक बिना नंबर की बाइक कीमती करीबन 15000 रुपये जब्त किया।आरोपितों ने बताया कि चोरी किया अन्य सामान जम्मू-कश्मीर में बेचकर रकम को आपस बांट लिए और खर्च कर दिए। साथ ही जम्मू कश्मीर रोजी मजदूरी करना बताया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को धारा 457, 380 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

ट्रांसपोर्ट कंपनी के मुंशी की संदिग्ध मौत

कोरबा (नव प्रदेश)। ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बिहार निवासी है और कंपनी में मुंशी के पद पर काम करता था। मामला दीपिका थाना क्षेत्र का है। यहां एसीबी कंपनी के अधीन रोशन विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट कंपनी नियोजित है। इस कंपनी में अमर सिन्हा 35 वर्ष भी काम करता था। यहां अपनी पत्नी के साथ हरदीबाजार क्षेत्र में रहता था। रोजाना की तरह वह शनिवार सुबह भी ड्यूटी पर गया था। बताया गया कि कंपनी के कर्मचारियों को अमर घायल अवस्था में मिला था। उसके शरीर में चोट के भी निशान थे। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि युवक के सिर और कई जगह पर चोट के निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पूरा मामले का पता चल सकेगा। कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि संभवतः किसी भारी चीज से टकराने से वह घायल हुआ हो और उसकी मौत हो गई हो। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ग्रसित लोगों को सिम्स में भर्ती कराया गया

मस्तूरी के ग्राम सरसेनी लौटा डायरिया,11 बीमार चार गंभीर

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मस्तूरी के ग्राम सरसेनी में हैंडपंप का दूषित पानी पीने से एक बार फिर डायरिया फैलने लगा हैं। रविवार को 11 मरीज मिले हैं। इनमें से चार गंभीर मरीजों को सिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य सात का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी में उपचार चल रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर मस्तूरी स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंच गई है। उल्टी-दस्त के मरीजों को खोजा जा रहा है।

बीते गुर्स्वार को भी ग्राम सरसेनी में डायरिया के 20 मरीज मिले थे। लेकिन उसके बाद दो दिन तक मरीज नहीं मिले। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को लगा कि डायरिया प्रकोप नियंत्रण में आ चुका है। ऐसे में टीम मरीजों को दवा का वितरण कर लौट गई। लेकिन रविवार की सुबह से ग्रामीण फिर से उल्टी-दस्त से ग्रसित हो गए और देखते ही देखते 10 मरीज की हालत बिगड़ गई।

इसकी जानकारी मिलने पर मस्तूरी स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। जांच में चार मरीज की हालत गंभीर पाई गई।

चारों मरीज को तत्काल सिम्स रेफर कर दिया गया। पिछले बार हैंडपंप का पानी पीने वाले ग्रामीण बीमार पड़े थे। इस कारण हैंडपंप को सील कर दिया गया था। ऐसे आशंका है कि पेयजल के अन्य स्त्रोत भी दूषित हो गए हैं। ऐसे में गांव के प्रभावित क्षेत्र के हैंडपंपों से पानी का सैंपल लिया गया है। साथ ही गांव में नियंत्रण कार्य शुरू कर दिया गया है।

हैंडपंप के पानी के दूषित होने की हो चुकी है पुष्टि

गुर्स्वार सील किए गए हैंडपंप के पानी की रिपोर्ट आ गई है। उसमे कुछ हानिकारक बैक्टीरिया मिले हैं। साफ है कि गांव के कई हैंडपंप का पानी दूषित हो चुका है। रविवार को लिए गए पानी के सैंपल को जांच के लिए सिम्स के माइक्रोबायोलाजी लैब भेजा गया है।

सोमवार को लगेगा शिविर, लोगों को किया अलर्ट

ग्राम सरसेनी में सोमवार की सुबह से ही जांच शिविर लगाया जाएगा और पूरे गांव के लोगों की जांच की जाएगी। डायरिया के संभावित मरीज खोजकर उपचार की व्यवस्था होगी। जरूरत पड़ने पर गांव के सामुदायिक भवन में ही मरीजों के उपचार करने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है। पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई है। ताकि पानी के हानिकारक बैक्टीरिया खत्म हो जाएं।

> **ग्राम सरसेनी में फिर से डायरिया के मरीज मिले हैं। चार गंभीर मरीजों को सिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं गांव में नियंत्रण कार्य शुरू कर दिया गया है। सोमवार को शिविर लगाकर नए मरीज खोजकर उनके उपचार की व्यवस्था की जाएगी।**
> **- डा. प्रमोद महाजन,सीएमएचओ**

कमर्शियल गैस सिलिंडर के दाम में 182 रूपए की कमी

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। होटल, ढाबा सहित व्यावसायिक संस्थानों के लिए राहत वाली बात है कि इस महीने एलपीजी निर्माता कंपनियों ने प्रति सिलिंडर 182 रुपये की कमी कर दी है। घरेलू गैस सिलिंडर के दाम को यथावत रखा गया है। बीते महीने की कीमत पर सिलिंडर की आपूर्ति एजेंसी संचालकों द्वारा की जा रही है।तीन महीने बाद कमर्शियल गैस सिलिंडर के दाम में रसोई गैस निर्माता कंपनियों ने दाम में कमी की है।

बीते वर्ष 2446 रुपये पर कमर्शियल सिलिंडर की बिक्री एजेंसी संचालकों द्वारा संस्थानों को की जा रही थी। इस महीने 182 रुपये दाम घटाकर 2264 रुपये कर दिया है। जुलाई महीने इसी दाम पर कमर्शियल सिलिंडर की बिक्री होगी। निर्माता कंपनियों ने एजेंसी संचालकों को नए रेट के आधार पर उपभोक्ताओं को कमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति करने कहा गया है। सब्सिडी सिलिंडर के उपभोक्ताओं के लिए राहत वाली बात है की कि इस महीने पुराने रेट पर ही सिलिंडर की आपूर्ति होगी।

एक हजार 91 रुपये 50 के हिसाब से सिलिंडर की आपूर्ति हो रही है। पेट्रोलियम पदार्थो की कीमतों में बढ़ोतरी का असर गैस सिलिंडर के दाम में भी देखने को मिल रहा है। पेट्रोल व डीजल के दाम में जिस तरह बढ़ोतरी हुई है उसके चलते सिलिंडर के दाम में भी काफी तेजी आ गई है। 495 रुपये से दाम बढ़ते-बढ़ते सब्सीसी सिलिंडर के दाम एक हजार 91 रुपये 50 पैसे हो गया है। इससे उपभोक्ताओं की परेशानी तो बढ़ी है साथ ही महीने का बजट भी बिगड़ने लगा है।

सब्सिडी को लेकर संशय की स्थितिः एजेंसी से रसोई गैस सिलिंडर खरीदने के बाद एजेंसी के जरिए सिलिंडर की आपूर्ति का मैसेज उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड नंबर पर आता है। इसके बाद अधिकतम सात दिनों के भीतर केंद्र सरकार से बैंक खाते में सब्सिडी की राशि जमा कराने का प्रविधान है। उपभोक्ता लगातार शिकायत कर रहे हैं कि सब्सीडी की राशि नहीं मिल पा रही है। उपभोक्ता एजेंसी संचालकों से लगातार शिकायत दर्ज करा रहे हैं।

कृषि आयात-निर्यात नीति किसान हित में बनाने का प्रस्ताव पास

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। भारतीय किसान संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर में स्थित रामस्वरूप निरंजनदास धर्मशाला में हुई। इस दौरान दो प्रस्ताव पास किए गए। इस दौरान किसानों के हित के लिए नीति व कानून बनाने को लेकर चर्चा की गई। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बताया कि केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक में दो प्रस्ताव पास किए गए है। प्रथम प्रस्ताव आज देश की कृषि उत्पाद आयात-निर्यात नीति किसान हित में रखकर बनाने की आवश्यकता है। जब किसान की फसल आती है।

ठीक उसी समय वाणिज्य मंत्रालय आयात करने का आदेश देता है। आयात शुल्क तो घटा दिया जाता है या समाप्त कर दिया जाता है। खाद्य तेलों व दालों में यह हुआ है। इसी प्रकार किसान की जब फसल आती है तो कृषि उत्पाद की निर्यात की स्थिति में जैसे ही निर्यात प्रारंभ होता है ठीक उसी समय निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। गेहू, चीनी, प्याज निर्यात के दौरान हमारे सामने उदाहरण है। वाणिज्य मंत्रालय की गलत नीति निर्णय के कारण नुकसान किसान को होता है। देश के किसान इन निर्णयों से त्रस्त हैं। किसान संघ के महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि देश में कृषि उत्पाद के आयात निर्यात की योजनाबद्ध नीति व नियम तय हो। आयात की जाने वाली फसल की खरीद सुनिश्चित हो। साथ ही वाणिज्य मंत्रालय, कृषि मंत्रालय की सलाह, आंकड़ो व समन्वय के साथ कृषि उत्पाद का आयात निर्यात करें।

6000 करोड़ के जीएसटी रिटर्न पर एसईसीएल को मिला प्रशंसा पत्र

कोरबा (नव प्रदेश)। वित्तीय वर्ष 2021-22 के समयबद्ध तरीके से जीएसटी फाइलिंग के लिए एसईसीएल को वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया है। यह प्रशस्ति पत्र चुनिंदा संस्थाओं को समय से तथा नियमानुसार जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के लिए जारी किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2021.22 में एसईसीएल ने जीएसटी के रूप में 6000 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान किया है। इस तरह पिछले पांच वर्षों में एसईसीएल द्वारा तीस हजार करोड़ रूपये से भी ज्यादा राशि जीएसटी के रूप में सरकारी खजाने में जमा कराया गया है। यदि राज्यवार बात की जाए, तो छत्तीसगढ़ में अपने संचालन के क्षेत्रों से पिछले चार वर्षों में 22 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि जीएसटी मद में जमा की गयी है।

बिलासपुर में सूने मकान का ताला तोड़कर तीन क्विंटल चावल और घरेलू सामान पार

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सरकंडा क्षेत्र के रामनगर में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर तीन क्विंटल चावल और घरेलू सामान पार कर दिया। पीड़ित ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सकरी थाना क्षेत्र के ग्राम सागर में रहने वाली सविता साहू गृहिणी हैं। वे सरकंडा क्षेत्र के चिंगराजपारा रामनगर में रहकर रोजी मजदूरी करती हैं। गांव में उनकी पैतृक जमीन हैं। महिला 10 दिन पहले खेती के काम से अपने बेटे अर्जुन को लेकर गांव चली गई थीं। इस दौरान उनका बड़ा बेटा दीपक घर में था। गुर्स्वार की दोपहर दीपक मकान में ताला लगाकर अपनी मां के पास चला गया। शनिवार की शाम चार बजे महिला अपने बेटों के साथ घर लौटी। इस दौरान उनके मकान का ताला टूटा था। ताला तोड़कर घर में

घुसे चोरों ने कमरे में सामान बिखेर दिया था। कमरे में रखा टीवी, साउंड बाक्स, गैस सिलिंडर, तीन क्विंटल चावल व खाने-पीने के बर्तन गायब थे। महिला ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को देकर चोरों के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है। महिला की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

सिरगिट्टी क्षेत्र के लोको कालोनी में रहने वाले रेलवे कर्मचारी के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 30 हजार र्स्पये नकद पार कर दिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत सिरगिट्टी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सिरगिट्टी क्षेत्र के लोको कालोनी में रहने वाले योगेश्वर प्रसाद रेलवे में टेक्नीशियन हैं। एक जुलाई की शाम वे मकान में ताला लगाकर परिवार के साथ ससुराल ग्राम पोरथा जिला जांजगीर-चांपा चले गए थे। शनिवार की शाम छह बजे वे अपने घर लौटे। इस दौरान उनके मकान का ताला टूटा था। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे में रखी आलमारी का लाकर तोड़ दिया था।

प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध, बाजार में कागज के डिस्पोजल की बिक्री बढ़ी

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। केंद्र सरकार ने स्वच्छता अभियान के तहत देशभर में प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका उपयोग किसी भी बाजार, दुकान व अन्य जगहों पर नहीं किया जा सकता है। प्लास्टिक पर रोक लगने के बाद से अब बाजार में कागज के डिस्पोजल की बिक्री बढ़ गई है। ज्यादा मात्रा में इसका उपयोग किया जाने लगा है। प्लस्टिक के बंद होने के बाद कई प्रकार के कागज से संबंधित व्यवसाय शुरू हो गया है। प्लास्टिक की जगह कागज, दोना, पत्तल का उपयोग बढ़ गया है। शादी, छट्ठी समेत अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में कागज के दोना,पत्तल, डिस्पोजल भारी मात्रा में खरीदा जा रहा है। इसका मुख्य वजह है कि कागज सड़कर मिट्टी में मिल जाता है। वहीं, प्लास्टिक सड़ता नहीं था। मिट्टी को खराब कर देता था। खाद्य सामग्रियों के साथ मवेशी प्लास्टि को भी खा जाते थे। इसका कई

प्रकार के दुष्प्रभाव पर्यावरण में पड़ रहा था। अब कागज की बिक्री बढ़ गई है। लोग जागरूक भी हो रहे हैं। ज्याद से ज्यादा कागज से निर्मित वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं। गोल बाजार, शनिचरी बाजार, बृहस्पति बाजार, बुधवारी बाजार से लेकर व्यापार विहार स्थित दुकानों में कागज के डिस्पोजल, दोना, पत्तल से लेकर अन्य प्रकार के वस्तुओं की मांग बढ़ गई है। पर्यावरण के लिए कागज से जुड़े डिस्पोजलों का प्रयोग करना बहुत जरूरी है, नहीं तो शुद्ध हवा-जल के लिए लोगों को भविष्य में परेशान होना पड़ सकता है।

केवी एनटीपीसी की प्राचार्य डॉ.नागमणि हुई सेवानिवृत्त

कोरबा (नव प्रदेश)। 30 जून 2022 को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा में डॉ ए.नागमणि शर्मा सेवानिवृत्त समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीमती नागमणी 2012 से कोरबा स्थित केंद्रीय विद्यालयों,केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 एवं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में प्राचार्य के रूप में अपनी सेवा देती आ रही थी। अपने कार्यकाल में उन्होंने सदा ही उन्नत परिणाम देने एवं छात्रों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की दिशा में निरंतर काम किया है। उन्होंने सदैव ही सीबीएसई परीक्षा में रीजनल मे बेस्ट रिजल्ट दिया है। पढ़ाई के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलकूद में भी उन्होंने सदैव बच्चों को प्रोत्साहित किया है।

जो विचारों से सकारात्मक हो वही मानसिक रुप से स्वास्थ्यः डॉ.सक्सेना

कोरबा (नव प्रदेश)। आधुनिक दौर में दिमाग को स्वस्थ रखकर बेहतर जीवन जीने की कला सिखाने नेशनल सेमिनार का आयोजन साइकोलाजिकल फोरम छत्तीसगढ़ द्वारा जिले के लीड कालेज, शासकीय इंजीनियर विश्वेश्वरैया पीजी कालेज में रखा गया। मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के समापन दिवस के मुख्य अतिथि डा. उषा किरण अग्रवाल विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान दुधाधारी महाविद्यालय रायपुर रहीं।

कार्यक्रम के संरक्षक डा आरके सक्सेना ने उद्बोधन मे कहा कि अभी हम कोविड. 19 काल में ही जी रहे है और इस काल में मानसिक स्वास्थ हमारे लिए बड़ा मुद्दा है। मैं उसी को मानसिक रुप से स्वास्थ्य मानता हूं जो विचारों से सकारात्मक हो। यह सकारात्मकता उसके कार्य और व्यवहार में दिखता हो। मुख्य अतिथि डा. उषा किरण अग्रवाल ने साइकोलाजिकल फोरम के कार्यो की सराहना करते हुए अपनी बात को चरक सहिता से प्रारंभ किया। उन्होने बताया कि भारत में लगभग 322 मिलियन लोग मानसिक रोग से पीड़ित हैं। कई प्रकार की साइकोलाजीकल डिसोडर देखने को मिल रहे हैं। ऐसे समय में इस प्रकार के आयोजनो का विशेष महत्व है, जो हमे मानसिक स्वास्थ के प्रति सचेत करता है।

लोगों को लोन दिलाने के नाम पर करता था ठगी

बीटेक का छात्र जल्द से जल्द रुपये कमाने बन गया ठग

कोरबा (नव प्रदेश)। बीटेक का छात्र जल्द से जल्द रुपये कमाने और शानो-शौकत से जीवन बिताने के चक्कर में ठग बन गया। मजदूरों के नाम से जारी सिम कार्ड का उपयोग कर आरोपित शातिराना तरीके से लोगों को ठगने लगा। वह लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करता था। ठग को पुलिस गाजियाबाद से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाई है।

ठग की गिरफ्तारी में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में आईपीएसी प्रभात कुमार की टीम की महती भूमिका रही । ठगी के इस प्रकरण का विवरण पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने पुलिस कंट्रोल रूम में दिया। उन्होंने बताया कि

वर्ष 2019 से 2021 तक धरमजयगढ़ निवासी शिक्षक शिवपद से लोन दिलाने के नाम पर 29 लाख रुपये ठगा गया। शिक्षक की शिकायत पर जांच चल रही थी। आईपीएस प्रभात कुमार के नेतृत्व में टीम बनाया गया। जांच में ठगी के दौरान उपयोग किए गए कई सिम बंद हो चुके हैं। दूसरी ओर ठग द्वारा लगातार पीड़ित से संपर्क किया जा रहा था। इसकी निगरानी करने पर आरोपित के गाजियाबाद राजीवनगर में होने की जानकारी मिली। आरोपित द्वारा उपयोग में लाये गये कई सिम अलग-अलग प्रांतों के थे। प्रार्थी से ठग ने पुनः सम्पर्क किया। जिसका लोकेशन सिम धारक गाजियाबाद में होना एवं सिम धारक का आईडी गाजियाबाद का ही होना पाया गया। इस पर पुलिस टीम ने फोकस किया ओर सिम जारीकर्ता रिटेलर हेमंत से पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति ने उससे आधा दर्जन से अधिक सिम अपने नाम से लिया है। रिटेलर को संदिग्ध नंबर की आईडी की पहचान कराई गई । उसने फोटो देखकर पुष्टि करते उसे स्थानीय लेबर और शराब का आदी होना बताया। इसके बाद नंबर का लोकेशन लेकर मौके के लिए रवाना हुए। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर संदेही भागने लगा। उसे पकड़कर पूछताछ की। उसने अपना नाम अजय बताया जबकि अन्य लोग उसे सचिन बता रहे थे। पुलिस को उसकी गतिविधियां सही नहीं लगी। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और एक लाल रंग के कार वाले युवक के लिए सिम उपलब्ध कराने के एवज में 300-400 सौ रुपये मिलने की जानकारी दी। पुलिस टीम ने गाजियाबाद के कई कालोनियों में जांच के बाद एक संदेही को गुलमोहर गार्डन राजनगर से अमितेश कीर्ति को पकड़ा।

दर्री डैम पुल पर सड़क निर्माण कार्य पूरा, आवाजाही शुरू

कोरबा (नव प्रदेश)। कोरबा-कटघोरा मार्ग पर दर्री डैम पुल नए सिरे से चल रहा सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया। 25 दिन में पूरा होने वाला निर्माण कार्य लेटलतीफी के कारण करीब 3 महिने खींचा गया। पुल पर सड़क के एक लेन का कार्य लगभग 1 माह पहले पूर्ण हो चुका थाए जिसके बाद 15 जून से दोपहिया वाहनों के लिए खोलने की तैयारी थी, लेकिन इससे पहले ही राजस्व मंत्री ने दौरा करते हुए सड़क को दोपहिया वाहनों के लिए खुलवा दिया था। साथ ही ठेकेदार को कार्य जल्द पूरा करके दूसरे वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क जल्द खोलने को कहा था, जिसके बाद तेजी से दूसरे लेन का कार्य पूरा करते हुए अब सभी तरह के छोटे-बड़े वाहनों के लिए सड़क खोल दिया गया है।

ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत बनाने की घोषणा का ग्रामीणों ने किया विरोध

200 ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौपा मुख्यमंत्री को

बैकुंठपुर /नवप्रदेश ।- हाल ही प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का कोरिया जिले के पटना ग्राम में भेंट मुलाकात का जिले पे अंतिम कार्यक्रम पटना में रविवार को रखा गया था जहा स्थानीय विधायक की मांग पर ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत बनाये जाने की घोषणा की गेन है। अब घोषणा को लेकर ग्रामीण वासियों के द्वारा विरोध किया जा रहा है।ग्राम पंचायत पटना के ग्राम वासियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत न बनाने की मांग की है व हस्ताक्षर युक्त ग्यापन सौपा गया

ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पंचायत पटना में लगभग 75 प्रतिशत किसान एवं मजदूर है तथा हमारे ग्राम पंचायत के किसान एवं मजदूरों को मनरेगा के कार्य, कुआ , पम्प, डबरी समतलीकरण तथा शासन के अन्य लाभ से वंचित हो जायेंगे ,इसी प्रकार हमारे पंचायत के सभी घर-घर में पेयजल की सुविधा ग्रामवासियों को उपलब्ध है। पंचायत के सभी मोहल्ले में पुल/पुलिया सी0 सी0 सड़?क उपलब्ध है। सभी प्रकार के शासकीय भवन ,तहसील कार्यालय, आर.आई कार्यालय सहित आवास,पटवारी आवास, उच्च शिक्षा ,मा0 शाला , कन्या / बालक शाला / आंगनबाड़ी तथा सा0 स्वास्थ्य केन्द्र भी संचालित हैं। साथ ही सभी मुहल्लों में घर-घर विद्युत व्यवस्था है। तथा ग्राम पंचायत स्वयं में सक्षम पंचायत है तथा ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत बनाने का कोई औचित्य नहीं है ।जब की इसी प्रकार जल्दबाजी में

नगर निगम चिरमिरी, नगर पालिका वैकुण्ठपुर, नगर पालिका चरचा में कुछ ग्राम पंचायतों के सम्मिलितकराया गया था, जिन्हें पुनः वापस लिया गया है।अतः माननीय मुख्य मंत्री जी सादर आग्रह है कि हमारे ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा नहीं दिया जाये का आवेदन दिया गया हैं ।

साथ ही ग्राम पंचायत पटना में निवास करने वाले व्यक्ति यदि ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाना चाहते है तो यह भी देखा जाए कि यहां पर मूल रूप से बैगा जनजाति आदिवासी क्षेत्र है। नगरीय क्षेत्र में यह पंचायत चले जाने की स्थिति में बैगा समाज परंपरागत प्राचीन रीति-रिवाजों पर गंभीर संकट उत्पन्ना होना स्वभाविक है। ग्राम पंचायतों में बैगा समाज अधिकतर निवास करते हैं जो छोटे-मोटे काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ग्राम पंचायत पटना में लगभग 60 प्रतिशत आदिवासी वर्ग की जनजाति है जो कि रोजमर्रा की जीवन यापन करते हैं।नगर परिषद गठित हो जाने पर उन्हें तरह- तरह के टैक्स देने में असमर्थता होगी।

साथ ही आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में नगरपालिका अधिनियम 1961 के तहत ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाते समय संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। इन क्षेत्रों में राज्यपाल की अनुमति के बिना कोई भी परिवर्तन नहीं किया जा सकता, किन्तु पूर्व में भी इस संबंध में विधिवत रूप से अनुमति नहीं ली गई थी और हाल में भी बिना अनुमति के यह परिवर्तन किये गए हैं, यह उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए पांचवी अनुसूची के प्रावधानों को लागू करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि इन सब प्रक्रियाओं की कार्यवाही की समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें जो कि नही किया गया ।

सर्व आदिवासी दिवस के आयोजन को लेकर मैराथन हुई बैठक

नगरी/नवप्रदेश। सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी का बैठक उमेश देव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज की अध्यक्षता में रविवार 3 जुलाई को बुधवारी बाजार परिसर में स्थित नव निर्मित सामाजिक भवन में जीवराखन लाल मर ई जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी के मुख्य आतिथ्य और महेश रावटे कार्यकारी जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक आगामी 9 अगस्त को आयोजित होने वाली विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर आहूत की गई थी। चक्रीय क्रमानुसार इस बार पुनः नगरी ब्लॉक को मेजबानी का अवसर मिला है। पुराना मंडी स्थल ही आयोजन स्थल प्रस्तावित है। इस बार जोत- जंवारा, देवता -धामी, सांस्कृतिक धरोहर सहित आयोजन स्थल में अनेकानेक स्टाल लगाए जाएंगे।जो बच्चे, बूढ़े, जवान सभी के लिए आकर्षक और नवाचार होगा। जन - जन तक यह बात फैले इसके लिए व्यापक प्रचार - प्रसार होगा। समाज के युवा, महिला, कर्मचारी/अधिकारी और सयानों के लिए अलग-अलग दायित्वों का निर्धारण किया गया है। विभिन्न समिति और विभागों का गठन किया गया है। बैठक में विशेष रूप से दिलचस्पी रखने वाले अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष हृदय नाग, स्कंध ध्रुव,जिला सचिव नेमीचंद देव, जिला उपाध्यक्ष हरक राम मंडावी,गोंडवाना समाज के तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के तहसील अध्यक्ष छेदप्रसाद कौंसिल, हल्बा समाज के संभागीय अध्यक्ष मोहन पुजारी, सर्व आदिवासी समाज महिला प्रभाग के तहसील अध्यक्ष बुधनतीन नेताम, उपाध्यक्ष बिंदा नेताम, भुनेश्वरी ध्रुव सोनउ राम नेताम, आसत राम समरथ, सुरेन्द्र नेताम, नरेश चंद्र सोम, सुरेन्द्र ध्रुव, किशोर कश्यप, अनित ध्रुव, दलगंजन मरकाम, मोहन मरकाम, बुधराम नेताम, हेमन्त तुमरेटी, माखन ध्रुव,प्रीतम मंडावी, रणजीत सोम, नकुल राम ध्रुव,लोचन कश्यप,डिकेश्वर चिंडा,द्रोण कंचन,यतीन्द्र गौर, महेश्वर सिंह जयसिन्धु सोनेन्द्र ध्रुव हीरा मरकाम सहित भारी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी तथा युवा साथी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

मारवाड़ी ब्राह्मण समाज ने दी शान्ति देवी शर्मा को श्रद्धांजलि

रायगढ/नवप्रदेश। वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा एवम ट्रांसपोर्ट व्यवसाई मोहन शर्मा की माता स्व श्रीमती शान्ति देवी शर्मा के निधन पश्चात आज मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विजय वीरभान शर्मा के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ बालमुकुंद शर्मा संतोष शर्मा लायन,अजय शर्मा रायपुर रायगढ़ ट्रांसपोर्ट,विनोद शर्मा पंडरी पानी,अजय शर्मा संतराम शर्मा प्रवीण शर्मा अमित मोंटी शर्मा दीपक शर्मा विक्रांत शर्मा अजय शर्मा कालू अरविंद शर्मा अशोक शर्मा गोपाल शर्मा पवन शेरा अशोक शर्मा किरोड़ी मनोज शर्मा ने उनके बैकुंठपुर स्थित निवास जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके परिजनों को सांत्वना दी !

ग्रामीणों के मूलभूत आवश्यकता को ध्यान में रखकर शासन बना रही विभिन्न योजनाएं-उच्च शिक्षामंत्री

रायगढ़/नवप्रदेश। उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल आज पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 85 लाख 80 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि ग्रामीण अंचल के विकास एवं ग्रामीणों के मूलभूत आवश्यक सुविधाओं को मांग के अनुरूप प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की योजनाएं गांवों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सतत् रूप से कार्य कर रही है। धान सहित अन्य फसलों के उचित कीमत और आदान सहायता से किसानों को बड़ी राहत मिली है साथ ही किसानों का कर्जमाफी हुआ है। शासन द्वारा भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की शुरूआत की गयी है जिसका फायदा उन किसानों को मिल रहा है जिनके पास खुद की कोई भूमि नहीं है। उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्राम-केनसरा में शास.प्राथमिक शाला भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों से बात किए और उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इस दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन किया जा रहा है। जिससे सभी बच्चे अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़कर आगे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर रूप से तैयार हो पायेंगे और प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनायेंगे। उन्होंने गांवों में जनसंपर्क के दौरान सभी ग्रामीणों से कहा कि जिनका भी राशन कार्ड नहीं बना है वे संबंधित पटवारी से प्रतिवेदन लेकर जनपद सीईओ को तत्काल सूचना दें राशन कार्ड बनाया जाएगा।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल आज पुसौर विकासखण्ड के केनसरा, बादीमाल, जोगीतराई एवं बिजना गांव में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से नागरिकों से सीधा संवाद होता है। जिससे उनकी मांग और समस्याओं को जानने का मौका मिलता है। इससे आगे होने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा बनाने में मदद मिलती है। इस दौरान विभिन्न ग्रामवासियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

केशकाल/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल केशकाल अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अन्य महत्वपूर्ण दिवसों को भी शिक्षा से जोड़कर समस्त मानव समाज को संदेश देने की कोशिश करता रहा है,और आज 4 जून पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के समस्त विद्यार्थी और शिक्षक स्टाफ ने स्कूल प्रांगण में पौधे लगाकर समस्त समाज को एक संदेश दिया कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षों को बचाना और वृक्ष लगाना मानव जीवन के लिए बहुत ही जरूरी है। स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार डडसेना ने बताया कि वृक्षारोपण का अर्थ है वृक्ष लगाकर उन्हें उगाना, इसका प्रयोजन करना है। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना, मानव के जीवन को सुखी, समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का अपना विशेष महत्व है। मानव सभ्यता का उदय तथा इसका आरंभिक आश्रय भी प्रकृति अर्थात वन वृक्ष ही रहे हैं। मानव को प्रारम्भ से प्रकृति द्वारा जो कुछ प्राप्त होता रहा है। उसे निरन्तर प्राप्त करते रहने के लिए वृक्षारोपण अती आवश्यक है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रभारी निकिता बिसेन, रिया दत्ता भारतीय शांडिल्य ,गरिमा मसीह ऐश्वर्या पानीग्रही ,योग प्रसाद दीवान, शिखा बोहरे, अनामिका पाणिग्रहीऔर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपना योगदान दिया

प्रेस क्लब कोरिया के लिए 25 लाख की घोषणा

मुख्यमंत्री ने सोसल मीडिया में किया पोस्ट, भूमि आबंटन के लिए कलेक्टर कोरिया को दिए आवश्यक निर्देश

बैकुंठपुर /नवप्रदेश । प्रेस क्लब कोरिया बैकुंठपुर की मांग , ज्ञापन व प्रेस क्लब सदस्य के सवाल के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पत्रकार भवन के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 3 जुलाई को कोरिया प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बैकुंठपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त घोषणा की। जिले के पत्रकारों ने इसके लिए मुख्यमंत्री व विधायक गुलाब कमरो का विशेष सहयोग के लिये आभार प्रकट किया है।

उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब कोरिया (बैकुंठपुर) कोरिया जिले के सबसे पुराना और रजिस्टर्ड प्रेस क्लब है। मुख्यमंत्री के कोरिया आगमन पर जिले के पत्रकारों के हित में प्रेस क्लब के सदस्य अविनाश चन्द्र ने प्रेस वार्ता में अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रखी। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने उक्त घोषणा की। विदित हो कि जिले के पत्रकार जनहित के समाचारों के लिए कार्य करते है, लेकिन जिले के कोई ऐसा भवन नही है जहां वे एकत्र हो सकें। अपना आयोजन करें या फिर कोई संवाद अथवा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकें। इस हेतु प्रेस क्लब कोरिया के अध्यक्ष कमलेश शर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ 3 जुलाई को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस में मुख्यमंत्री की प्रेसवार्ता कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से पत्रकार भवन के लिए ज्ञापन सौंप कर भूमि आबंटन की मांग की। साथ ही घड़ी चौक में स्थित ग्रन्थालय के उन्नयन को लेकर भी अपनी बात रखी। जिस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर कोरिया को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने इसे सोसल मीडिया में पोस्ट किया है।।

साहू समाज युवा प्रकोष्ठ ने पौधरोपण

नगरी/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी में युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वधान में पौधारोपण किया गया साथ ही बैंक से लोन की सुविधा हेतु एच एफ डीसी डीसी बैंक मैनेजर के द्वारा लोन हेतु जानकारी दिया गया इस कार्यक्रम अध्यक्षता पुनीत राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, मुख्य अतिथि आराधना शुक्ला नगर पंचायत अध्यक्ष नगरी, विशेष अतिथि धनीराम साहू, अनराज साहू, पेमन साहू, वरूण साहू, किरण साहू , साधना साहू, सुभाष साहू, टिकेश्वर साहू , बलदेव साहू, सखा राम साहू, महेश्वरी साहू, अभिरन देवी, अल्क भुनेश्वरी सहित युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनिरुद्ध साहू सचिव वासुदेव गंजीर, प्रेम लाल साहू, धर्मेंद्र साहू, अरुण साहू मोनू साहू, चन्द्रभान साहू , हितेश साहू,सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बन्धु की संख्या उपस्थिति रही।

कोरबा जिले की विभिन्न सिंचाई योजनाओं के लिए 13.46 करोड़ रूपए स्वीकृत

कोरबा/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ शासन ने कोरबा जिले के अंतर्गत विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के विविध कार्यो को कराने के लिए 13 करोड़ 46 लाख दो हजार रूपए स्वीकृत किए हैं।

कोरबा जिले के विकासखण्ड पाली के अंतर्गत सैला जलाशय की मुख्य नहर के जीर्णोद्धार कार्य के लिए एक करोड़ 37 लाख 58 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 405 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड पाली के अंतर्गत सिरली एनीकट कार्य के लिए एक करोड़ 99 लाख 43 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से क्षेत्र के किसानों को 105 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड पाली अंतर्गत झांझ एनीकट कार्य के लिए दो करोड़ 39 लाख 70 हजार रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 155 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत हसदेव बांयी तट नहर के आर.डी. 6.15 कि.मी. पर क्रास रेग्युलेटर एवं एस्केप चैनल के निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 98 लाख 70 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

विकासखण्ड कोरबा के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत हसदेव बांयी तट नहर के आर.डी. 0 मी. से 100 मी. तक बाईपास एवं पावर केनाल का जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग का मरम्मत कार्य एवं 100 मी. से 4400 मी. बाईपास नहर के क्षतिग्रस्त सी.सी. लाईनिंग निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 91 लाख 77 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत हसदेव बांयी तट नहर की आर.डी. 4.80 कि.मी. क्रास रेग्यूलेटर पर गेट फिटिंग कार्य हेतु एक करोड़ 78 लाख 84 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

9 अगस्त को नगरी की मंडी प्राँगण में होगी विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी समाज की महापर्व विश्व आदिवासी दिवस इस साल धमतरी जिले के सर्व आदिवासी समाज नगरी स्थित कृषि उपज मंडी प्राँगण में कार्यक्रम होगी यह महत्वपूर्ण निर्णय रविवार को जिला सर्व आदिवासी की अहम बैठक सर्व आदिवासी समाज भवन नगरी में जिलाध्यक्ष जिवराखन लाल मरई की अगुवाई में हुई।बैठक में जिला कार्यकारिणी के साथ सर्व आदिवासी समाज के धमतरी,कुरूद,मगरलोड और नगरी के आदिवासी समाज के पुरोधाजनों के साथ समाजिक जन भी मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुभारंभ पुरोधाओं की तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलित के साथ एक तीर एक निसान सारे आदिवासी एक समान जयकारे के साथ हुई।बैठक में सभी सामाजिक पुरोधाजनों का पीले चाँवल की टीका लगाकर अभिनंदन किया गया। इस दौविश्व आदिवासी दिवस को लेकर सर्व आदिवासी समाज का मैराथन बैठक।।

मुआवजा गड़बड़ी मामले में कलेक्टर सहित कई जनप्रतिनिधियों से शिकायत, क्या होगी इसकी जांच

बैकुंटपुर /नवप्रदेश । अविभाजित मध्यप्रदेश के सरगुजा जिले के बैकुण्ठपुर क्षेत्र के गेज बांध निर्माण जमीन अधिग्रहण 1992 का मामला जिसके मुआवजे में 30 साल के विलंब के बाद मुआवजे वितरण सूची में गड़बड़ी का आरोप लगा है साथ ही समय के साथ मुआवजा के असली हकदार भटक रहे कब्जाधारी मुआवजा राशि लेने की फेर में प्रशासन पर मिलीभगत कर मुआवजे का गलत वितरण कराने का गंभीर आरोप है और इस आरोप पर अब उच्च स्तरीय जांच की मांग उठने लगी हैं जहा वर्तमान कलेक्टर कोरिया ने मौखिक रूप से मुआवजा वितरण पर रोक तो लगा दी है पर इसमें से कुछ लोगों को मुआवजा मिल गया है और बंदरबांट हो चुका है। अब सवाल यह है कि सारे दस्तावेज सूची बनाने वाले जिम्मेदार अधिकारी की तरफ गड़बड़ी इशारा कर रहे है आखिर गड़बड़ी मामले में जांच कब होगी जिससे नाराज किशानो ने पटना में मुख्यमंत्री के आगमन पर शिकायत दर्ज कराई किन्तु मुलाकात का मौका नही मिल सका । मामले में साक्ष्य भी मौजुद है और शिकायत भी हुयी है इसके बाद गड़बड़ झाला करने वालो के हौसले बुलंद है साथ ही कई गड़बड़ी होती जा रही है, मुआवजे सूची का प्रकाशन के बाद कुछ हितग्राहीयों को मुआवजा वितरण किया गया है पर गड़बड़ी की शिकायत होने पर बैंक से पैसा निकासी पर रोक नहीं लगायी गयी।

शिकायतकर्ता के जानकारी के अनुसार गेज बांध मुआवजे गड़बड़ी में पहला मामला यह है कि ग्राम छरछा व रकैया के क्षेत्र में गेज बांध का निर्माण होना था जिसके लिये 08.08.1991 में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हुयी उस समय अविभाजित मध्यप्रदेश तत्कालिन कलेक्टर सरगुजा के प्रभावित हितग्राहियों की अधिसूचना एवं भूमि का विवरण का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये, इसकी सूचना जारी की। भू-अर्जन अधिनियम 1994 (क्रं. 01 सन् 1894) की धारा 4 की उक्त धारा 01 तथा धारा 06 के उपबंधो के अनुसार अधिसूचना तथा उद्घोषणा का प्रकाशन मध्यप्रदेश राज्यप्रत्र के भाग 01 में क्रमषः पृष्ठ संख्या 1865 दिनांक 18.101991 तथा तथा पृष्ठ संख्या 728 दिनांक 06.03.1992 को प्रकाशित कराया गया था। ईश्तहार जारी कर 15 दिवस के भीतर भूमि के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो तो आमंत्रित किया गया इसके अलावा धारा 9 (3) के अंतर्गत स्थल पर जाकर सम्बन्धित हितग्राहियों से स्वतः अर्जित क्षेत्रफेल, किस्म, भूमि के निहित अंश अथवा क्षतिपूर्ति के सम्बन्ध में लिखित आपत्ति की मांग की गयी थी किन्तू किसी हितग्राही का कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ।

2018 में शुरू हुये प्रकरण में आ रही घोटाले की गंध

1992 के प्रकरण को ही आगे लेकर बढ़ना था क्योंकि यह सारे प्रकरण मौजुदा विभाग के पास दस्तावेज के तौर पर पड़े थे और सारी जानकारीयां पूर्णतः स्पष्ट थी पूर्व के अधिकारीयों ने भू-स्वामीयों को संतुष्ट करने के बाद ही अधिकग्रहण किया था, यही वजह था कि उस समय सिर्फ मौखिक आपत्ति ही आयी और उस मौखित आपत्ति को गंभीरता से लेते हुये जांच में बिना लिये वापस भेज दिया था, उन्हें क्या पता था कि बांध भी बन जायेगा और मुआवजे का प्रकरण अटका रह जायेगा। किसानों की सहमति व ईच्छा से कोरिया जिले को एक मध्यम परियोजना के तौर पर गेज बांध मिला जो आज कितने किसानों के लिये सिंचाई का साधन तैयार हो गया। आज उसी किसानों के धैर्य व त्याग का फायदा उठा 2018 में भू-माफिआ व जनप्रतिनिधि सक्रिय होकर नया प्रकरण शुरू करा दिया, जिस प्रकरण में सिर्फ खामिंया ही दिख रही है। खामियां भी छोटी नहीं काफी बड़ी है बांध तो कई एकड़ की भूमियों में तैयार हो गया पर उसमें से डूबान क्षेत्र के 95 एकड़ की भूमि थी वह भूमि किसानों की निजी थी जिसे बांध के लिये किसानों ने सरकार को दे दिया

1992 का प्रकरण कैसे हुआ खत्म

अविभाजित मध्यप्रदेश के सरगुजा जिले के बैकुण्ठपुर के छरछा ग्राम में किसानों की भूमि की सिंचाई के लिये गेज नदी पर गेज बांध का निर्माण करने का प्रस्ताव 1991 में तैयार हुआ, जिसके लिए किसानों की भूमि अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू हो गई, यह प्रक्रिया 1992 में पूरी कर ली गयी। उस समय इस बांध को बनाने के लिये किसानों की 95 एकड भूमि का अधिक्रहण किया गया। अधिग्रहण की भूमि में 49 हितग्राहीयों के नाम शामिल थे जिन्हें तकरीबन 10.66 लाख भुगतान होना था जो तत्कालिन समस्याओं की वजह से अधिकारीयों ने नहीं कर पाया और यह प्रकरण 26 साल ठंडे बस्ते में पड़ा रहा और जब शासन-प्रशासन जागी तो इस प्रकरण को आगे की बजाये नया प्रकरण शुरू कर दिया, इस 26 सालों में क्या भाजपा क्या कांग्रेस सभी आये और गये पर किसानों के अधिग्रहण के पैसो की चिंता किसी ने नहीं की। किसान भी एक समय के लिये इस पैसों को भूल बैठे थे पर कुछ जनप्रतिनिधि अपने निजी लाभ और अधिकारीयों को प्रलोभन देकर मामले को 2018 में कुछ भू-माफिआयों के साथ मिलकर प्रकरण शुरू कराया पर सवाल यह है कि पुराने प्रकरण को दफ्न कर नये प्रकरण क्यों शुरू किया गया?

मुआवजे मिले हुये जमीन का दुबारा मुआवजा क्यों?

1992 में प्रश्नकिंत भूमि का मुआवाजा जिस हितग्राहियों को मिल गया, उसी जमीन का मुआवजा फिर से 2022 में किसके कहने प्रस्तावित किया गया। उदाहरण स्वरूप दस्तावेज का आंकलन करने से पता चला कि 1992 में भूस्वामी हृदयलाल पिता मनरूप खसरा नं. 570/36 का रकबा 1.214 हे0 भूमि का मुआवजा राशि 33 हजार 807 रूपये मिल गया था पर इसी भूमि में वर्तमान में हृदयलाल कब्जाधारी बन गये और भूस्वामी सगीरनिशा पिता मो0 ईषाक भू स्वामी बन गये और मुआवजा सूची में नाम आ गया और जो रकबा था वह वर्तमान में बढ़कर 2.426 हे0 हो गया जिसकी मुआवजा राशि 75 लाख 43 हजार बनायी गयी है। जबकि उक्त भूमि का 1992 में यह मुआवजा मिल गया था अब जो पैसा मिल रहा है वह हितग्राही के लिये उपहार स्वरूप है पर यह उपहार शासन क्यों दे रही है यह शासन पर बड़ा सवाल है।

कब्जे धारी को बिना दस्तावेज कैसे मिल रहा मुआवजा?

1992 में रकबा व खसरा नं के साथ भूमि अधिग्रहण की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रकाशित कर दी गयी थी, जिसकी जानकारी मौजुदा विभाग के पास मौजुद है फिर भी 2018 में नया कब्जेदार का नाम कैसे और किस आदेश के तहत आ गया और मुआवजे पाने का अधिकार कैसे उसे मिल गया। बिना दस्तावेज के प्रशासन क्यों पुराने मुआवजे सूची को विलोपित कर नयी सूची में नाम शामिल कर दिया। जबकि जमीन डूबान क्षेत्र की है तो फिर डुबान क्षेत्र की जमीन पर कब्जा कैसे?

प्रकाशित ईश्तहार में नाम क्यों नहीं?

1992 में जब भूमि अधिग्रहण संबधित प्रकरण का प्रकाशन समाचार पत्रों में कराया था, उसमें सारे जानकारियां हितग्राहियों के लिये स्पष्ट तौर पर मौजुद था, जबकि देखा जाये तो उस समय सूचना व सम्पर्क की इतनी व्यवस्था नहीं रही। इसके बाद भी तत्कालीन जिम्मेदारों ने बड़ी ईमानदारी से यह कार्य कराया था। पर वहीं 2018 में इसी प्रकरण को दोबारा नया प्रकरण बनाकर इसे प्रारंभ किया गया तो इस प्रकरण में कई अनिमियता देखा जा रहा है, अखबारों में इसकी सूचना प्रसारित की जाती है तो हितग्राहियों का नाम व उसके पिता का नाम या फिर कब्जेदारों का नाम निरंक करके प्रसारित करायी जाती है जो कहीं न कहीं घोटाले को व्यापक तौर पर करना दर्शाता है और जानकारी छुपाने का संदेह भी प्रकट होता है।

सहमति पत्र में रकबा और खसरा नंम्बर निरंक क्यों?-

सहमति पत्र में भी राजस्व विभाग का बड़ा खेल हुआ है दस्तावेजों का अवलोकन करने से हितग्राहियों व कब्जाधारीयों के सहमति पत्र में नाम व हस्ताक्षर तो मौजुद है पर रकबा व खसरा का विवरण निरंक क्यों है। जब हितग्राही सहमति पत्र में हस्ताक्षर कर रहा है तो उसे यह जानने का अधिकार नहीं कि उसे किस रकबे व खसरा नं0 भूमि के लिये सहमति दे रहा है। यह भी एक जांच का विषय है पर शायद ही विभाग इसकी जांच कर पाये।

छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला : नगर निगमों को दिए गए ले-आउट के अधिकार

■ **मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमलः आवास एवं पर्यावरण विभाग ने जारी की अधिसूचना**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने शहरों में लोगों को ले-आउट पास कराने में आ रही दिक्कत को सुलझाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब ले-आउट पास कराने के अधिकार नगर निगमों को दिए गए हैं। पहले ले-आउट पास कराने के लिए नगर निगम और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से अनुमोदन लेना पड़ता था। इस नये फैसले से लोगों को एक ही छत की नीचे ले-आउट अनुमोदन की सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की नगर निगमों को ले-आउट के अधिकार देने की घोषणा की थी, जिस पर आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा त्वरित अमल करते हुए नगर निगमों को ले-आउट पास कराने का अधिकार देने के संबंध में आज अधिसूचना जारी की गई है।

जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश के 9 जिलों के 12 नगर पालिका निगमों रायपुर, बीरगांव, दुर्ग, भिलाई, चरौदा, रिसाली, राजनांदगांव, रायगढ़, जगदलपुर, अम्बिकापुर, बिलासपुर, कोरबा और धमतरी के आयुक्तों को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा उनकी सीमा के अंतर्गत शर्तो के साथ ले-आउट पास करने के अधिकार प्रत्यायोजित किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि ले-आउट के अनुमोदन का कार्य तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ मास्टर प्लान के क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण अंग होगा। प्रत्यायोजित धाराओं का उपयोग छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश के प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी अधिकारियों के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हता को धारण करने वाले अधिकारियों को ही प्रत्योजित अधिकार के अंतर्गत कार्य सम्पादन का दायित्व सौंपा जा सकेगा। संबंधित नगर निगमों को ले-आउट अनुमोदन के लिए अनिवार्य रूप से टाउन प्लानर की नियुक्ति करनी होगी। इसी प्रकार विकास अनुज्ञा के अनुमोदन के एक माह के भीतर समस्त ले-आउट संबंधित जिले के नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों से कार्योत्तर स्वीकृति लेनी होगी। स्वीकृत की जाने वाली विकास अनुज्ञाओं को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के वेबसाईट में अपलोड करने के साथ-साथ स्वीकृत अनुज्ञाओं की प्रति नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय में जमा कराना होगा। स्वीकृत अनुज्ञाओं के भौतिक परीक्षण एवं पुनर्विलोकन का अधिकार नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियों के पास होगा। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत राजस्व, शुल्क, शास्ती राशि अधिनियम में उल्लेखित मद के अंतर्गत जमा कराना होगा। छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम छत्तीसगढ़ भूमि विकास अधिनियम, छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश नियम एवं विकास योजना के मापदण्डों के उल्लंघन या अतिक्रमण के लिए संबंधित नगर पालिक निगम जिम्मेदार होंगे।

सड़क पर खड़ी बुजुर्ग महिला को कुचल गया अज्ञात वाहन

रायपुर। ग्राम बाना में अज्ञात वाहन की ठोकर से अधेड़ महिला की मौत हो गई। मामले में उरला थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कल सुबह 65-70 साल की अज्ञात महिला ग्राम बाना की रोड पर खड़ी थी, तभी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने पंचनामा कर शव को चीरघर में रख दिया है। वहीं महिला की शिनाख्ती का प्रयास किया जा रहा है। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

बिना वजह युवक से मारपीट

रायपुर। संजयनगर स्थित मां कर्मा चौक में तीन युवकों ने बिना कारण गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नवीन सेन 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी आकाश साहू, महावीर साहू व अन्य ने बिना कारण गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक पार्किंग के विवाद में युवक से मारपीट

रायपुर। भनपुरी स्थित सूरज राइस मील के पास ट्रक खड़े करने की बात पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मिथुन नायक 22 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह अपनी ट्रक को भनपुरी स्थित सूरज राइस मील के सामने खड़ी किया था तभी बाइक सवार अज्ञात 2 लड़कों ने यहां पर ट्रक क्यों खड़े किए हो कहते हुए प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब पीने से रोकने वाली पत्नी से मारपीट

रायपुर। शराब पीने से मना करने पर पति ने पत्नी से मारपीट कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया एकता यादव ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी पति प्रदीप यादव शराब पीने का आदि था। कल रात भी वह शराब के नशे में घर आया। जिसे शराब पीने के लिए मना करने पर आरोपी पति ने पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब सेवन करते 4 गिरफ्तार

रायपुर। सरेआम शराब का सेवन करते व पिलाते राजधानी पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने शराब का सेवन करते हुए आरोपी राजु जंघेल 39 वर्ष, शेख वाजिद 24 वर्ष व पोषण जंघेल 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी राम नारायण साहू 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी 36सी के तहत कार्रवाई की है।

डॉ. डहरिया ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाया शपथ

■ **राज्य के विभिन्न जिलों से आए हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए शपथ ग्रहण समारोह में**

■ **समाज के विभिन्न संगठन के लोग एक साथ मिलकर काम करें तो समाज का भला होगा : मंत्री डॉक्टर डहरिया**

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया के मुख्य आतिथ्य में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज शहीद स्मारक भवन रायपुर में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया । कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों के सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। डॉ. डहरिया ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाया।

डॉक्टर डहरिया ने कहा कि समाज के विभिन्न संगठनों के लोग मिलकर एक साथ काम करें, तो इससे समाज को लाभ होगा। संविधान से मिले अधिकार यथावत रहे ,इसके लिए हम सबको मिलजुल कर प्रयास करना होगा।

उन्होंने कहा आज हमारे समाज को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। समाज के प्रत्येक पढ़े लिखे को नौकरी मिल पाए यह संभव नहीं है, इसलिए स्वरोजगार पर जोर देना चाहिए। मेहनत कभी बेकार नहीं जाता। उन्होंने सामाजिक हित के लिए व्यापक सोच रखने की आवश्यकता बताई।

मंत्री डॉक्टर डहरिया ने पिथौरा, डबरा,नवागांव ,अकलतरा ,सक्ति, बागबाहरा ,कवर्धा , सहित अन्य जगहों से आए सतनामी समाज प्रमुखों द्वारा संस्कृतिक भवन के लिए राशि मांग किए जाने पर प्रत्येक के लिए 25 -25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

समाज के अध्यक्ष श्री आर पी भतपहरी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा की हम सबको मिलजुल कर रहने की आवश्यकता है। अच्छे सोच विचार से हम अपने समाज को मजबूती दे सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री धनेश पाटीला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम ने किया। श्री पाटिला ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों तथा बाबा गुरु घासीदास के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए।

समाज के महासचिव श्री एस आर बंजारे ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. भूषण लाल जांगड़े को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, उन्होंने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज को नशा से दूर रहने की आवश्यकता है ।इसके लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। इसी तरह अन्य अतिथियों ने भी समाज को संबोधित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती पदमा घनश्याम मनहर, गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष श्री के. पी. खांडे, गुरु घासीदास गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष श्री शंकर कुमार सोनवानी, राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष श्रीमती शकुन शिव कुमार डहरिया, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री एल.एल. कोसले, सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के अध्यक्ष श्री जय बहादुर बंजारे, घासीदास सेवा समिति सेक्टर 6 भिलाई नगर के अध्यक्ष श्री आर. डी. देशलहरा, सतनामी समाज जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री सूर्य कुमार खिलारी, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल भतपहरी शामिल हुए। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की ओर से सभी अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं मेंमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मंत्री डॉक्टर डहरिया ने कार्यक्रम में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के ऐसे सदस्य जिन्होंने सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है तथा सामाजिक हित के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है, ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले 60 सदस्यों को साल एवम श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया। मंच संचालन श्री विनोद भारती एवं श्री विजय कुर्रे ने किया।

अरुण सर्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष घोषित

रायपुर । सर्व ब्राह्मण समाज चांगोरा भाठा के सदस्यों की बैठक कांता पुस्तकालय में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता तथा जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा व प्रदेश संयुक्त सचिव नीतीश शुक्ला की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अरुण शर्मा को चांगोराभाठा परिक्षेत्र अध्यक्ष घोषित किया गया। अध्यक्ष श्री मिश्रा ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर स्वागत किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से डॉ कृष्ण कुमार गौतम, रामगोपाल चौबे, ज्ञानेश्वर प्रसाद शर्मा, राम विशाल मिश्रा ,पवन कुमार दुबे, के के मिश्रा, भूषण लाल तिवारी ,अजय कुमार शर्मा, महेश पुरी गोस्वामी सहित सदस्यगण उपस्थित थे। संचालन डॉक्टर गौतम तथा आभार अरुण शर्मा ने किया।

पैसे के लेन-देन पर दो पक्ष आपस में भिड़े

रायपुर। भाठागांव स्थित नड्डा फैक्ट्री के पास पैसे की लेन-देन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी खिलावन गिरी गोश्वामी 62 वर्षा ने थाने में शिकायत की कि आरोपी उमेश गोश्वामी, वरूप पामदानी व राजकुमार लोधी ने पैसे की लेन-देन को लेकर प्रार्थी के लड़का राजकुमार गोश्वामी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी राजकुमार लोधी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजकुमार गोश्वामी और उसका पति खिलावन गोश्वामी ने पैसे की लेन-देन को लेकर उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

7 जुआरियों से 6900 रुपए बरामद

रायपुर। खमतराई एवं अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी 6900 व तासपत्ती जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने जुआ खेलते आरोपी ओमप्रकाश निषाद सहित अन्य 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 6500 रूपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने जुआ खेलते हुए यशवंत सोनवानी सहित अन्य 1 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से तासपत्ती सहित नकदी 400 रूपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने पूरे विश्व को ज्ञान का मार्ग दिखाया और वे युवाओं को नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने एकात्मकता का संदेश दिया। उनका छत्तीसगढ़ से बहुत करीब का नाता रहा है। स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय छत्तीसगढ़ में बिताया। राज्यपाल सुश्री उइके ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए युवाओं को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आग्रह किया।

भारी वर्षा और आसमानी बिजली से बचाव जरूरी

रायपुर। मानसून के दौरान भारी वर्षा और आसमानी बिजली की संभावना बनी रहती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर और राज्य शासन के आपदा एवं प्रबंधन विभाग द्वारा भारी वर्षा एवं आसमानी बिजली (वज्रपात) के प्रभावों की जानकारी एवं इससे बचाव के उपाय जन सामान्य की जानकारी के लिए जारी किए गए हैं।

आकाशीय बिजली गिरने और अत्याधिक वर्षा के प्रभावों की जानकारी जनसामान्य को दी गई है कि घास-फूस की झोपड़ियों और एस्टेबटस की छत वाले घरों और कारों को नुकसान हो सकता है, छत के टॉप उड़ सकते है। अधूरे बंधे धातु की चादरें उड़ सकती है। पेड़ की शाखाओं के टूटने से बिजली और संचार लाइनों को नुकसान पहुंच सकता है तथा खड़ी फसलों को भी नुकसान होता है। बिजली जमीन पर गिरती है। अत्याधिक गरज-चमक के बाद संबद्ध वर्षा के कारण नदी-नालों में अचानक बाढ़ आती है। मौसम वैज्ञनिकों ने आम-जनों को बिजली चमकने एवं बादलों की गर्जना के संबंध में सुझाव दिए है कि अलग-थलग पड़े पेड़ों के नीचे आश्रय न लें। तालाबों, झीलों और बाहरी पानी वाले क्षेत्र (जैसे धान की रोपाई) से तुरंत बाहर निकलें और दूर रहें। गड़गड़ाहट सुनने के बाद घर के अंदर जाएं या सुरक्षित पक्के आश्रयों की तलाश करें। अंतिम गड़गड़ाहट की आवाज सुनने के बाद 30 मिनट तक घर के अंदर रहें। अगर कोई आश्रय उपलब्ध नहीं है, तो तुरंत उकडू बैठ जाएं। यात्रा के दौरान गरज हो रही हो तो कार या बस टेऊन के अंदर ही रहें। बिजली/इलेक्ट्रानिक उपकरण का प्रयोग न करें तथा बिजली की लाइनों से दूर रहें।

सड़कें, स्थानीय बाढ़, निचले इलाकों में जल जमाव और मुख्य रूप से उपरोक्त क्षेत्र के शहरी क्षेत्रों के अंडरपासों बंद हो सकते है। भारी वर्षा के कारण दृश्यता में कभी-कभी कमी आ जाती है। सड़कों पर जलजमाव के कारण प्रमुख शहरों में यातायात बाधित होने से यात्रा का समय बढ़ सकता है। कच्ची सड़कों को मामूली क्षति हो सकती है। कमजोर ढांचे के क्षतिग्रस्त होने की संभावना रहती है। स्थानीय तौर पर भूस्खलन, मडस्लाइड हो सकता है। बाढ़ के कारण कुछ क्षेत्रों में बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान होता है। बाढ़ से नदी जल ग्रहण क्षेत्रों में बाढ़ आ सकती है। अत्याधिक वर्षा के दौरान जन सामान्य को सलाह दी गई है कि अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करने से पहले अपने मार्ग पर यातायात की भीड़ की जांच करें। इस संबंध में जारी किसी भी यातायात सलाह का पालन करें। उन क्षेत्रों में जाने से बचें जो अक्सर जलजमाव की समस्या का सामना करते हैं। कमजोर ढांचें में रहने से बचें।

राजधानी में बीते रात से हो रही बारिश, मौसम हुआ सुहाना

रायपुर। देरी से सही लेकिन अब राजधानी में भी बरसात का असर देखने को मिलने लगा है, यहां मध्य रात्रि से कई इलाको में बारिश हो रही रही यही लेकिन अब धीरे से छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 5 जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया है। वहीं रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के लिए यलो अलर्ट किया गया है। इस दौरान में एक-दो स्थानों पर भारी बरसात हो सकती है। साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की संभावना भी है।

मौसम विभाग माने तो आने वाले 24 घंटों में सरगुजा, जशपुर, महासमुंद, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स ने अनब्रांडेड प्रीपैक्ड खाद्यान्नों पर लगे 5% जीएसटी से छूट के लिए रखी मांग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी कॉन्सिल की बैठक में अनब्रांडेड प्रीपैक्ड खाद्यान्नों जैसे आटा,पोहा इत्यादि पर 5त्न की दर से जीएसटी का प्रावधान किया गया है। जिसके लिए कैट के महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल जी के द्वारा जीएसटी से छूट के सम्बन्ध में पत्र भेजा गया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि इस नई व्यवस्था के लागू होने से केवल पुरानी व्यवस्थाओं में बदलाव ही नहीं हुआ बल्कि मध्यम वर्गीय व्यापारी के सामने सिर्फ एकाउंटिंग में उलझ जाने की समस्या हो जाएगी, पूरे छत्तीसगढ़ में सामान्यतः मध्यमवर्गीय परिवार के व्यापारी ही व्यापार करते है। वर्तमान में प्रदेश में छोटेङ्कबड़े सभी को मिलाकर 3 से 4 लाख तक खाद्य पदार्थ व्यवसायी हैं जिनमे से 70 से 80त्न व्यवसायियों का टर्नओवर 40 लाख तक है तथा जो बही खातों से अनभिज्ञ हैं एवं जीएसटी में पंजीकृत नहीं हैं। विगत कुछ वर्ष में महामारी के समय इनका पूरा व्यवसाय बंद पड़ा रहा, महामारी समाप्त होते ही ये व्यवसायी अपने जीवन और व्यवसाय को सही दिशा में लाने हेतु प्रयासरत हैं ।

श्री पारवानी ने आगे बताया कि यदि अनब्रांडेड प्रीपैक्ड खाद्यान्नों पर 5त्न टैक्स लगाया जाता है तो अपने व्यवसाय में व्यस्त रहने वाले छोटे-मंझोले व्यवसायियों हेतु यह प्रक्रिया जटिल है जिसके परिणाम स्वरुप ये व्यवसायी केवल बही खातों में ही उलझ जायेंगे, बड़ी संख्या में रोजगार देने वाले ये व्यापारी स्वयं ही बेरोजगार हो जायेंगे तथा छत्तीसगढ़ का व्यवसाय बुरी तरह से प्रभावित होगा ।

टीबी के खतरे को कम करता है 'नो स्मोक चूल्हा'

■ **टीबी चैंपियन सीखा रहे मिट्टी का चूल्हा बनाना**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के वार्ड 12 में रहने वाली राखी बाई (परिवर्तित) को क्षय रोग से संक्रमित होने का पता तब चला जब एक दिन उनके मोहल्ले में टीबी चैंपियन गीता बर्मन उससे घर-घर सर्वे करने आई। बात चीत में राखी ने गीता को बताया उसे काफी समय से खांसी आ रही है, बलगम भी बहुत आता है और कभी-कभी बलगम के साथ खून भी आता है । राखी बाई की थूक का सैंपल तुरंत लिया गया और उसकी जांच करवाने के बाद पता लगा उसे टीबी है।

तब गीता दीदी ने मुझे बताया यह रोग पूरी तरह से ठीक होता है लेकिन उसके लिए 6 माह तक नियमित इलाज चलेगा। मुझे रोज़ दवा लेनी होगी क्योंकि अगर ऐसा न करने से रोग और गंभीर हो सकता है जिसका उपचार लम्बा और ज्यादा मुश्किल होगा,'' राखी ने बताया।

गीता ने उसको यह भी बताया कि घर के चूल्हे से निकलने वाले धुएं से भी बीमारी बढ़ सकती है इसलिए उससे धुआं रहित चूल्हे का उपयोग करना चाहिए। धुआं-रहित चूल्हा या क्नो स्मोक' चूल्हा घर पर ही बनाया जाता है और इसमें खर्चा भी बहुत ही कम होता है। कुछ ही दिनों में गीता की मदद से राखी के घर में भी क्नो-स्मोक' चूल्हा बनाया गया । इस चूल्हे का धुआं एक पाइप के माध्यम से बाहर निकल जाता है जिससे धुआं से होने वाली समस्याओं से राहत मिलती है और खाना भी काफी समय तक चूल्हे पर गर्म रहता है ।

टीबी चैंपियन गीता बर्मन क्षय रोगियों और संभावित रोगियों को न केवल इस रोग के बारे में बताती है बल्कि धुएं से होने वाले रोगों के बारे में भी जानकारी देती है। चूल्हे पर खाना बनाने वालों को न सिर्फ धुआं रहित (नो स्मोक) चूल्हे के बारे में बताती है बल्कि धुआं रहित चूल्हा लगवाने में भी मदद करती है।

गीता बर्मन कहती हैः ÷वार्ड में चार घरों में धुआं रहित चूल्हा बनाया गया है । इस चूल्हे के निर्माण में 200 से 250 रुपये तक का खर्चा आता है । इससे घर के अंदर धुआं नहीं फैलता और लकड़ी की खपत भी काफी कम होती है। यही इस चूल्हे की सबसे बड़ी विशेषता है। धुआं रहित चूल्हा होने की वजह से ही टीबी जैसी गंभीर बीमारी को पनपने से काफी हद तक रोका जा सकता है। विशेष रूप से चूल्हे पर खाना बनाने वाली महिलाओं में टीबी के खतरे का जोखिम अधिक रहता है । परंपरागत चूल्हों से धुआं अधिक होता है । धुएं से होने वाले संक्रमण को भी कम कर देता है ।

क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बतायाः ''धुआं रहित (नो स्मोक) चूल्हे के लिये जिले में जोर-शोर से प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें मितानिन भी अहम भूमिका निभा रही हैं। यह चूल्हा कई मायनों में सबसे अलग और विशेष है जिसे टीबी रोग से बचाव हेतु एहतियाती सुरक्षा के लिए कोई भी अपने घर बनवा सकता है। डोर टू डोर टीबी जागरूकता के दौरान टीबी रोग के संभावित मरीज चिन्हित होने की स्थिति में पीड़ित की सहमति से यह चूल्हा बनवाया जाता है।

राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी खनन माफियाओं पर नकेल कसने में प्रशासन नाकाम

एलडब्ल्यूई में शिथिलीकरण की आड़ में ठेकेदारों द्वारा खनन कर अवैध भंडारण जारी

सुकमा/नवप्रदेश। राज्य में माफियाओं की ठेकेदार रूपी खनन माफियाओं से सरकार को राजस्व का काफी नुकसान उठाना पड़ रहा हैं।जिसके मद्देनजर सूबे के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में राज्य में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त रुख इख्तियार कर कार्यवाही के निर्देश हर जिले को दिए हैं।उनमें से एक सुकमा जिला भी है जो अवैध खनन के मामले में सुकमा जिला भी शीर्ष 10 जिलों में शुमार हैं।हर दूसरे रोज सुकमा में बेहिसाब हो रहे अवैध खनन और भंडारण की खबरे समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहा हैं।जिसके बाद भी प्रशासन रेत माफियाओं के आगे नतमस्तक हैं।सुकमा जिला के सुकमा,केरलापाल,दोरनापाल, कोंटा,तोंगपाल जैसे ग्रामीणों क्षेत्रों में नियमों का उल्लंघन कर शबरी नदी के बीच में जेसीबी मशीन उतार कर हाईवा,ट्रैक्टर, ट्रक में भर कर अवैध परिवहन और भंडारण किया जा रहा हैं। ऐसा नहीं हैं की प्रशासन को इसकी भनक नहीं,प्रशासन के नाक नीचे विभागीय अधिकारियों के शरण में रेत का अवैध,परिवहन, व भंडारण जारी हैं।

कुछ नज़र इस आंकड़ों पर - प्रशासन व विभाग की अनदेखी शासन प्रशासन को राजस्व का कितना बड़ा नुकसान कर रहा हैं।जरा उन पर भी गौर करते हैं। सुकमा जिला में प्रशासन ने 4 चिन्हित रेत खदानों का नीलामी कराया हैं। जिसमे राकेश साहू को सुकमा में प्रस्तावित भूमि हल्का नंबर00013 के खसरा नंबर 138 में 5 हेक्टेयर,राम प्रताप सिंह को केरलापाल खसरा नंबर 1117 में 4.90 हेक्टेयर,दुर्गा सिंह कोंटा को स्न1,स्न2 के खसरा नंबर 374,622 में 4.40,5.00 हेक्टेयर,चिह्लूरी पद्मावत को इंजराम के खसरा नंबर 174 में 5 हेक्टेयर,जितेंद्र सिंह चौहान को छिंदगढ़ के खसरा नंबर 230 में 5 हेक्टेयर तो वहीं अपल्ला नाग हरीश को दोरनापाल के खसरा नंबर 282 में 5 हेक्टेयर रेत खनन का अनुमति दिया गया। जिसका लीज मई 2022 तक की वैधता अवधि समाप्त हो चुका हैं। बावजूद इसके रेत का अवैध खनन कर भंडारण मामले की जानकारी के बाद भी प्रशासन व विभाग मामले में मुखदर्शक बना बैठा हैं। ऊपर से खनिज अधिकारियों की अनुपस्थिति रेत खनन कर अवैध भंडारण माफियाओं को और भी शय दिया जा रहा हैं। यानी प्रशासन को हर दिन अवैध खनन में प्रत्येक घन मीटर पर 150 रुपए, ट्रैक्टर में 5 हजार और हाईवा से 25 से 30 हजार अवैध परिवहन जुर्माना लिया जाना चाहिए।सुकमा जिला से हर रोज 100 से 150 ट्रैक्टर/हाईवा गाड़ी पड़ोसी राज्य ओडिसा और आंध्र प्रदेश में लेजाकर मोटे दामों में बेचा जाता हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट अनुमान लगाया जा सकता है, की खनिज विभाग के अधिकरियों के साथ जबरदस्त सांठगांठ प्रशासन को राजस्व में कितना बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा हैं।मसलन ये की माफियाओं पर गंभीरता से कार्यवाही पर जो लाभ प्रशासन को मिल सकता हैं। विभागीय अधिकारियों संरक्षण में माफिया अपने इस गोरखधंधे से विभागीय लापरवाही और गैर जिम्मेदारी कार्य शैली का भुगतान प्रशासन रोज लाखों के अवैध रेत खनन, व परिवहन से चुका रहा हैं।

विभागीय जिम्मेदारों और माफियाओं की सांठगांठ में ऐसे होता है रेत के अवैध खनन का खेल* - प्रदेश में राजस्व की बढ़ोतरी कर अर्थ व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा समस्त जिलों में रेत का नीलामी कराया गया। परन्तु ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से राज्य सरकार को राजस्व का बड़ा चुना लगाया जा रहा है। सुकमा में रेत के अवैध भंडारण एवं परिवहन के मामला सामने आने के बाद भी जिला मुख्यालय में भी रेत का अवैध भंडारण कर परिवहन जारी है। एक ही पिट्पास पर 4 से 5 बार रेत का परिवहन किया जाता है। ठेकेदार रूपी रेत माफियाओं द्वारा रोजान एक अभिवहन पास से वे दिन भर में 4 से 5 बार रेत उड़ीसा लेकर जाते है। और हर बार ठेकेदार को 600 रुपये चुका कर आते है। परन्तु पास एक ही बार मिलता है। ऐसा नहीं कि इसकी जनकारी खनिज विभाग के जिम्मेदारों नहीं है। बल्कि अधिकारियों के संरक्षण में ही अवैध खनन कर भंडारण को अंजाम दिया जा रहा है। रेत माफिया द्वारा प्रतिदिन 100 से 150 गाड़ी रेत का विक्रय किया जाता है। परन्तु अभिवहन पास 15 से 20 का ही काटा जाना दिखाया जाता हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है, कि प्रति ट्रैक्टर 3 घन मीटर रेत के 600 रुपये की दर से किस प्रकार रेत माफिया अपनी जेब भर रहा है। रोजाना ठेकेदार द्वारा हजारों रुपये राजस्व के रूप प्रशासन को क्षति पहुंचाई जा रही है।

रुव्श्व के नाम पर अवैध खनन का खेल,माफिया ठेकेदारों के हौसले बुलंद - सुकमा में नक्सलवाद गतिविधियों को नहीं नकारा जा सकता। प्रशासन ने सुकमा में विकास के लिए चिन्हित नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों के लिए विकास के आयामों के बेहतरी के लिए सड़क,स्कूल,अस्पताल जैसे बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए नियमों में शिथिलता बरता गया हैं,जो क्षेत्र के वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप हैं।खास कर नक्सल बेल्ट में सड़क निर्माण में पूरी तरह छूट दी गई हैं। लेकिन ठेकेदार और माफिया प्रशासन के इसी रिहायत को गलत तरीके से क्रियान्वित कर रहे हैं।विभाग की आंख मिचौली से माफिया ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं

।कुछ राजनीतिक संरक्षण तो कुछ पर अधिकारी मेहरबान हैं। कार्यवाही के नाम पर एक-दो ट्रेक्टर पर कागजी कार्यवाही औपचारिकता का खानापूर्ति कर बड़े ठेकेदार व रेत माफिया के खिलाफ जुर्माना लगा भी दे तो वो महज दिखावा होता है। खनिज विभाग के अधिकरियों के साथ इतनी जबरदस्त सांठगांठ की जुर्माने की रकम आज तक जमा नहीं होता हैं। यानी की जिस रेत खनन माफिया से राजस्व भरा जाना चाहिए। उसका हर्जाना आम जनता और मध्यमवर्गी को टैक्स व बाजारों से मंगाई के रूप में वसूला किया जाएगा।और आने वाले समय में सुकमा को आंध्र प्रदेश व ओडिसा की तरह दूसरे राज्य व जिले पर निर्भर होना पड़ेगा।

पत्नी की नृशंस हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश।पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा (आईपीएस) के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर धीरेंद्र कुमार पटेल व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुमार कुजूर के पर्यवेक्षण में सोमवार 4जुलाई को थाना पखांजूर के अपराध क्रमांक 78/ 2022 धारा 302 भादवि के आरोपी जीवन टिकेदार को गिरफ्तार करने में पखांजूर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है द्य

पखांजूर पुलिस के अनुसार 01 जुलाई को सुबह लगभग 6:30 बजे आरोपी जीवानंद टीकेदार पीवी 28 द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती लिपिका को मोबाईल में किसके साथ बात कर रही थी टायलट से काफी देर में आई हो कहकर गुस्सा में आकर अपने घर के रसोई में पानी गरम करने आग जला रही पत्नी को टंगिया मारकर नृशंस हत्या करने पर थाना पखांजुर में हत्या का अपराध दर्ज किया गया था द्य

घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसकी पता साजी में जुटी हुई थी। आरोपी जीवानंद टीकेदार पिता विधान टीकेदार उम्र 43 वर्ष निवासी पीवी 28 को थाना पखांजुर पुलिस द्वारा लगातार संभावित जगह पर छापामारी कर पतासाजी कर आज गिरफ्तार कर लिया है।थाना पखांजूर के इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक एम डी देशमुख के नेतृत्व में सउनि चेतन कुमार साहू,सउनि भगवान सिंह ठाकुर प्रआर परमेश्वर नेताम,रविंद्र ठाकुर आरक्षक संजीत महावीर ,आनंद मांडवी जोसेफका महत्वपूर्ण योगदान रहा है

सूने मकान में चोरी

रामानुजगंज/नवप्रदेश। नगर के वार्ड क्रमांक 2 बजरंज बिहार में रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट 1 दिन के लिए अंबिकापुर गए थे इसी दौरान चोरों के द्वारा करीब 10 हजार रुपय नगद एवं 15 हजार रुपय का सामान अलमारी तोड़कर निकाल ले गय घटना के बाद रामानुजगंज थाने में अपराध 380,457 पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट सौरभ जयसवाल परिवार सहित 2 जुलाई को अंबिकापुर गए थे वही वे जब 3 जुलाई को वापस दोपहर में घर आए तो लोहे का अलमारी एवं लकड़ी का अलमारी टूटा हुआ था सामान बिखरा हुआ था।

बड़ी मात्रा में मिल रहा एक्सपायरी सामान

अधिकांश ब्रांडेड कंपनीयो का निकल रहा एक्सपायरी सामान

कांकेर/नवप्रदेश। लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालो पर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रही है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। इधर दुकानों से एक्सपायरी सामान मिलना बंद नही हो रहा है।

सोमवार को एसडीएम धनंजय नेताम सहित अधिकारी कांकेर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार सिंह द्वारा कांकेर के दुकानों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आनंद डेली नीडस मस्जिद चौक कांकेर से पंजाबी तड़का 150 पैकेट, डाइट चिवड़ा 100 पैकेट, सोया स्टिक 50 पैकेट, अन्य चिप्स 100 पैकेट, इमली कैंडी 8 डिब्बे, निशा इमली 6 डिब्बे, अन्य कन्फेंसनरी 8 डिब्बे कुल सामग्री 5200 रुपएजय दुर्गा ट्रेडर्स डेली मार्केट कांकेर से वाई वाई 50 पैकेट, लल्लन टाप इमली 4 डिब्बे, चोको गोल्ड 5 डिब्बे, जुली जूसी स्टिक 7 डिब्बे, जामुन मिठाई 10 पैकेट, गरम मसाला 12 डिब्बे, अन्य सामग्री 12 डिब्बे कुल कीमत 6000 उपरोक्त सभी एक्सपायरी खाद्य सामग्री जिसकी कुल कीमत 11200 को जप्त करके नष्ट कराई गई एवम दोनो दुकानदारों को नोटिस दिया गया।

विमल सिंह जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि एक्सप्यारी सामनो के खिलाफ़ हमारी लगातार कार्यवाही ज़ारी है। शहर की तीन दुकानों में बड़ी मात्रा मे एक्सप्यारी सामान बरामद किया गया है। नोटिस दिया गया है। आगे की कार्यवाही खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बाद एक्शन मोड में कलेक्टर

जाति प्रमाण पत्र कैम्प का निरीक्षण

समीक्षा बैठक में भी मुख्यमंत्री ने की जिला प्रशासन की सराहना

कोरिया/नवपदंश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल बैकुंठपुर सर्किट हाउस में आयोजित अधिकारियों की समीक्षा बैठक में सड़क, वनाधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, हाट बाजार क्लिनिक संचालन, राजस्व प्रकरण सभी बिंदुओं पर जिला प्रशासन की बेहतर प्रगति पर सराहना कर चुके हैं। मुख्यमंत्री का आज कोरिया जिला प्रवास खत्म होते ही कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा घोषणाओं के पालन सुनिश्चित करने के लिए फील्ड पर पहुंचे। कलेक्टर ने ग्राम जमगहना में शासकीय आ.जा.क. हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर का जायजा लेते हुए प्राचार्य को शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल की मंशानुरूप स्वामी आत्मानंन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के तर्ज पर सभी शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के स्तर को बनाए रखने के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराएं।कलेक्टर ने पढ़ाया संस्कृत का पाठ, 10वीं की छात्रा ईशा ने शिक्षक बन गांव के बच्चों को पढ़ाने की इच्छा की जाहिरनिरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा 10वीं कक्षा में पहुचे, वहाँ शिक्षक द्वारा संस्कृत का पाठ पढ़ाया जा रहा था। कलेक्टर ने स्वयं शिक्षक बन बच्चों को संस्कृत का पाठ पढ़ाया, बच्चों ने भी सवालों के जवाब दिए। इस दौरान छात्रा ईशा राजवाड़े ने शिक्षक बन गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की इच्छा जाहिर की, जिसपर कलेक्टर ने ईशा की इस सोच की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिला स्तरीय शाला संकुल के कार्ययोजना का आयोजन संपन्न

नव नियुक्त डीईओ कार्यक्रम में हुए शामिल

कांकेर/नवप्रदेश। डाइट कांकेर में जिला स्तरीय शाला संकुल व्यवस्था में कसावट लाते हुए बच्चों की उपलब्धि सुधार लाने हेतु शाला संकुल के कार्य योजना का आयोजन नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन के अध्यक्षता में कार्य का प्रारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्रत्येक विकास खंड से उत्कृष्ट कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण के क्रम का निर्धारण लाटरी के माध्यम किया गया। इसमें प्रत्येक विकास खंड से चयनित संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य प्रदर्शन के लिए उपस्थित रहे इस कार्य योजना में मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आधारभूत साक्षरता एवं गणितीय कौशल को निपुण भारत के लर्निंग आउटकम, शाला संकुल में नियमित अकादमिक निरीक्षण संकुल को आदर्श शाला पीएलसी का गठन, उपचारात्मक शिक्षण मुस्कान पुस्तकालय सहायक शिक्षण सामग्री का अभिलेखीकरण शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने के लिए चर्चा पत्र का वाचन राज्य से विभिन्न प्रकार के अकादमिक निर्देशों का शाला एवं शिक्षकों तक पहुंचाना गैर शिक्षक के कार्यो को न्यूनतम करते हुए सीखने सिखाने के कार्य को प्राथमिकता देना इसके अलावा बच्चों को अपने संकुलों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए किस प्रकार कार्य किया जा रहा है इस पर विस्तार से संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों के द्वारा प्रदर्शन किया गया चर्चा किया गया

नव पदस्थ कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने संभाला कार्यभार

कलेक्ट्रेट कार्यालय का किया निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के नव पदस्थ कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया है। वे कांकेर जिले के 20वां कलेक्टर हैं। डॉ. प्रियंका शुक्ला एम.बी.बी.एस. डॉक्टर तथा वर्ष 2009 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी हैं, जशपुर कलेक्टर भी रहीं है। कांकेर जिले के कलेक्टर का कार्यभार ग्रहण करने के पहले विशेष सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संचालक आयुष, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास के पद पर पदस्थ थीं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न कक्ष एवं कलेक्टोरेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कलेक्टर कोर्ट, अपर कलेक्टर कक्ष एवं कलेक्टोरेट स्टॉफ कक्ष, नजूल शाखा, स्थानीय निर्वाचन एवं सामान्य निर्वाचन, भू-अभिलेख शाखा, अभिलेखागार, डायवर्सन शाखा, एसडीएम कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, खनिज विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जिला विपणन अधिकारी, खाद्य अधिकारी, जनसंपर्क, क्रेडा, अंत्यावसायी, जिला आयुर्वेद, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास उन्नयन, ग्राम तथा नगर निवेश, जिला पंजीयक, श्रम विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र इत्यादि कार्यालयों का निरीक्षण किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

गौठानों में स्थानीय ...

प्लेट भी बेच रही है, यह अच्छा संकेत है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए राज्य सरकार की अनेक योजना संचालित है। हाट बाजार क्लिनिक से लाभान्वित लोगों की संख्या बढ़नी चाहिए। हाट बाजार क्लिनिक संचालन का निर्धारित समय प्रदर्शित हो, लोगों को समय की जानकारी रहे, निःशुल्क दवा वितरण का भी प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि छोटी बीमारियों की रोकथाम कर हम बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारी रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि आंगनवाड़ी में हितग्राहियों के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अब आदित्य ठाकरे ...

की सुप्रीम कोर्ट में दायर अर्जी पर उम्मीद टिकी है, जिसमें उनकी ओर से शिंदे गुट के व्हिप को मान्यता देने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव ठाकरे गुट की ओर से दायर अर्जी पर 11 जुलाई को सुनवाई करने की बात कही है। इससे पहले डिप्टी स्पीकर की ओर से एकनाथ शिंदे और अन्य 15 विधायकों को अयोग्यता के लिए जो नोटिस जारी किया था, उसे लेकर शिवसेना ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली थी।

शिवसेना के पास अब...

वडेट्टीवार समेत 21 विधायक विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विश्वास मत को बहुमत मिलने की घोषणा की।

नई संभावनाओं को ...

वेंकैया जैसे स्वतंत्रता नायक थे, जिन्होंने देश का झंडा तैयार किया। यह कन्नगंती हनुमन्थु, कंदुकुरी वीरसलिंगम पंतुलु और पोट्टी श्रीरामुलु जैसे नायकों की भूमि है।

कुल्लू में बस के...

अनियंत्रित होकर सड़क से गहरी खाई में गिर गयी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

जम्मू-कश्मीर में ...

छोटे बड़े भूकंप दर्ज किए गए। सुकून देने वाली बात यह रही है कि इन सभी भूकंपों की तीव्रता कम थी जिसकी वजह से कोई बड़ी तबाही नहीं हुई।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री साहा...

रूप में पदभार संभाला।

अग्निपथ स्कीम के...

दायर करने वाले एडवोकेट एम.एल शर्मा ने कहा, 'मेरी अर्जी है कि सरकार की ओर से भर्ती के लिए जो नोटिफिकेशन जारी किया गया है, उसे कैंसिल किया जाए। सरकार कोई भी स्कीम ला सकती है, लेकिन यहां बात सही और गलत की है। अब भी 70 हजार लोग ऐसे हैं, जो नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे हैं।'

दुर्ग में स्कूटी सवार...

जिस जगह में घटना हुआ है। वहां ट्राफिक पुलिस की तैनात रहते हैं। मगर लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाने वाले को ट्रैफिक पुलिस नहीं रोक पाई। इसके चलते दो की मौके पर ही मौत हो गई। ज़िले की ट्रैफिक पुलिस अब सिर्फचालानी कार्यवाही में जुटे हैं,शहर का ट्राफिक व्यवस्था बेहाल हो गया है। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जप्त किया गया है, शव को मोर्चरी में रखा गया है।

ज्ञानवापी मामले की ...

जिला जज के भवन के आसपास काफी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई थी। प्रवेश द्वार पर भी चौकसी बढ़ा दी गई थी।

न्यायालय तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/2021-22

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष ईश्वरलाल वर्मा छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज जिला कांकेर द्वारा कांकेर स्थित शासकीय नजूल भूमि शीट क्र. 7 सी, प्लाट नं.1 क्षेत्रफल 3590 वर्गमीटर नजूल खाली जगह है, में से क्रमांक 01/क्षेत्रफल 787.2 वर्गमीटर भूमि सामाजिक उपयोग किए जाने हेतु शासकीय नजूल भूमि व्यवस्थापन के तहत सामाजिक प्रयोजन/भवन बनाने हेतु भूमि स्वामी आबंटन/ व्यवस्थापन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/ मोहल्ले ग्राम में चस्पा के 30 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि दिनांक 30/07/2022 के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 30/04/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार
कांकेर

न्यायालय तहसीलदार केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

रा.मा.क्र. /202205210013/ अ-21/2021-22

उद्घोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद सलीम पिता मोहम्मद सुलेमान जाति मुसलमान निवासी विश्रामपुरी तहसील बड़ेराजपुर जिला कोण्डागांव छ.ग. द्वारा न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम केशकाल प.ह.न. 17 केशकाल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नं. 21/20, 21/26, 21/32 कुल ख.नं. 03 रकबा 0.0150, 0.0100, 0.0010 हे. कुल रकबा 0.0260 हे. भूमि को व्यवसाय हेतु राशि की आवश्यकता होने के कारण क्रेता मोहम्मद रिजवान पिता मोहम्मद अमीन जाति मोमिन/ जुलाहा निवासी ग्राम मेन रोड केशकाल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव के पास रुपए 37,50,000/- सैंतीस लाख पचास हजार रुपए में विक्रय करना चाहते हैं। भूमि विक्रय करने की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 18/07/2022 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
केशकाल

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN:U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-II/W/T-128/22/2096 — Marwa, Dtd.01/07/2022

NOTICE INVITING E-TENDER NO. TN-95/2022

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work/supply as mentioned below for 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

S. No	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Last Date/Time of submission of bid.	Tender Fee (Rs.)	EMD (Rs.)
01.	15-06/ S&P/ EE-II/W/ T-128/22	8100026311	Work contract for readiness of AWRS clarifier bridge installed at AHP of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	02.08.2022 15:30 Hrs	Rs. 590/- (500 + GST @18%)	14,900/-

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For more details, please visit our website http://www.cspc.co.in/CSPGCL/ any amendment/Corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION // S.-33069/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

Phone No. 07762-222911 Fax No. 07762-222923
Email-nraigarh@ymail.com, website- www.nagarnigamraigarh.com
क्रमाक 885/वा.वि./न.पा.नि./2022 — रायगढ़, दिनांक 04/07/2022

-: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिक निगम रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत वाहन विभाग में संचालित वाहनों हेतु वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए आवश्यक टायर ट्युब एवं बैट्री सामग्री प्रदाय कार्य जिसकी लागत राशि 09.90/- लाख रू. है हेतु निर्माता/ विक्रेता/पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''स'' नगर पालिक निगम, रायगढ़ की वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भर कर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क 750/- रु. तथा अमानत राशि 9,900/- रू. के साथ से दिनांक 19/07/2022 अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह को सायं 04.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

नोट :- * सामग्री सूची व नियम एवं शर्तें संलग्न कर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/ uad.cg.gov.in पर अपलोड है।
* कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री साहा ने राज्यसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली (वार्ता)। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में त्रिपुरा के बारदोवाली सीट से विधानसभा उपचुनाव जीतने वाले श्री साहा ने यहां उच्च सदन के सभापति और उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को अपना इस्तीफा सौंपा। श्री साहा ने ट्वीट किया, ÷आज, मैंने भारत के उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू जी को राज्यसभा के सदस्यता से अपना त्याग पत्र सौंप दिया है। उन्होंने कहा, उन्हें त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा का अवसर मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया। श्री साहा मार्च में त्रिपुरा से उच्च सदन के लिए चुने गए थे। श्री विप्लव कुमार देव के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद उन्होंने मई में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला।

रामनाथ कोविंद और नरेन्द्र मोदी ने कुल्लू हादसे पर दुख व्यक्त किया

नई दिल्ली/शिमला (वार्ता)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में हुए बस हादसे पर दुःख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मौत होने की सूचना से वे व्यथित है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ट्वीट कर कहा, ÷ हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में हुए बस हादसे में विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मौत का दुःखद समाचार सुनकर व्यथित हूं'' इस दुर्घटना में अपने बच्चों एवं प्रियजन को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहन शोक संवेदनाएं मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस हादसे पर गहरा शोक जताते हुए हादसे में मारे गए लोगों के स्वजनों को दो दो लाख रूपये और घायलों को 50-50 हजार रूपये की फौरी राहत राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी के हवाले से ट्वीट किया, ÷हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में हुआ बस हादसा हृदय विदारक है। दुख की इस घड़ी में शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

उज्बेकिस्तान में हिंसा में 18 लोगों की मौत, 243 घायल

ताशकंद (वार्ता)। उज्बेकिस्तान में काराकल्पकस्तान क्षेत्र की राजधानी नुकस में गत एक जुलाई को हुई हिंसा में अब तक 18 लोगों की मौत हो गयी और अन्य 243 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार को जानकारी दी। उज़्बेक अभियोजक जनरल के कार्यालय के अभियोजक अब्रोर ममातोव ने कहा,'नुकस में हिंसा में घायलों में से 18 लोगों की मौत हो गयी।' उज़्बेकिस्तान राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रवक्ता डावरोन जुमानियाज़ोव ने कहा कि घायलों में से 94 का अभी भी अस्पतालों में उपचार किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 516 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक जुलाई को नुकस के बाहरी बाजार क्षेत्र में स्थानीय ब्लॉगर की रिहाई की मांग करने के लिए लोगों ने 'संविधान संशोधनों के खिलाफ विरोध' का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों का मानना था कि यदि संशोधनों को अपनाया गया तो कराकल्पकस्तान उज्बेकिस्तान से अलग होने का अपना अधिकार खो सकता है। उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने आगामी दो अगस्त तक आपातकाल की घोषणा कर दी है और अशांति के बाद कर्फ्यू लगा दिया है।

मंत्रियों ने इमरान को अनुच्छेद छह के तहत दी चेतावनी

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान में पीएमएल-एन नीत सरकार के शीर्ष मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राज्य की संस्थाओं की आलोचनाएं करने के लिए संविधान के अनुच्छेद छह के संदर्भ के तहत उन्हें उच्चतम न्यायालय तक ले जाने की चेतावनी दी है। यह जानकारी डॉन ने सोमवार को दी। रेल एवं उड्डयन मंत्री ख्वाजा साद रफीक और एमएनए और पूर्व अध्यक्ष सरदार अयाज सदीक ने इस मामले में लाहौर में मीडिया से बात की जबकि आतंरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह और रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने फैसलाबाद और नरोवाल में पार्टी कार्यकर्ताओं से बात की। श्री साद रफीक ने रविवार को रेलवे मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक तरफ इमरान खान संविधान और कानून का उल्लंघन करते है और दूसरी ओर न्यायपालिका के प्रमुख को अपशब्द कहते है। वह मानसिक रूप से संतुलित नहीं है। श्री सरदार अयाज सादिक ने कहा कि वह अन्य एमएनए के साथ एनए स्पीकर से आग्रह करेंगे कि वे राज्य संस्थानों को की आलोचना करने के लिए अनुच्छेद 6 के तहत इमरान खान के खिलाफ सरकार को एक संदर्भ भेजें।

रूस के मिसाइल हमले से खारकिव का स्कूल नष्ट

कीव (वार्ता)। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकिव में रूस द्वारा मिसाइल से किये गये हमले में वहां स्थित माध्यमिक स्कूल नष्ट हो गया है। मीडिया ने क्षेत्रीय अधिकारियों के हवाले से सोमवार को यह रिपोर्ट दी। सीएनएन ने टेलीग्राम पोस्ट में ओलेह सिनेहुबोव के हवाले से बताया, ÷आज सुबह चार बजे रूस ने खार्किव के शेवचेनकोवस्की जिले पर एक घातक मिसाइल हमला किया।÷ उन्होंने कहा, ÷आतंकवादियों ने माध्यमिक स्कूल को निशाना बनाया है। अब बचावकर्मी वहां से मलबा हटा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री सिनेहुबोव के अनुसार खार्किव अन्य क्षेत्रों में हमले हुए हैं। इस क्षेत्र के दरगाची समुदाय के बेज्रुकी गांव में हुए हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हुए हैं।

जवान ने पेट्रोल पम्प पर आदमी को पीटा

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका सेना ने सोशल मीडिया पर सेना के एक अधिकारी को मोटर चालकों की पेट्रोल पम्प पर भीड़ में नागरिक को लाते मारते हुए वीडियो के वायरल होने पर इसकी जांच शुरु की है। दैनिक मिरर ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि यह घटना कुरुनेगला जिले में यागगाहपतिया में हुई। हमलावर की पहचान सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल के रुप में हुई है। सेना के प्रवक्ता बिग्रेडियर नीलांथा प्रेमरत्ने ने कहा कि लोगों का एक समूह पेट्रोल पम्प पर अभियान में बाधा डाल रहा था। ये लोग अपशब्द बोल रहे थे साथ ही सेना और पुलिस की ड्यूटी में बाधा डाल रहे थे। इस घटना में दो नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। श्रीलंका बेहद खराब आर्थिक संकट के चलते ईंधन की कमी से जूझ रहा है।

ब्राजील में मंकीपॉक्स के मामले बढ़कर 76 हुए

ब्रासीलिया (वार्ता/शिन्हुआ)। ब्राजील में मंकीपॉक्स के एक और नये मामले की पुष्टि हुई है जिससे देश में इस तरह के मामलों की संख्या 76 हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंकीपाक्स से पीड़ित इस व्यक्ति का फेडरल डिस्ट्रिक्ट ऑफ ब्रासीलिया में पता चला है , जिसने हाल ही में विदेश यात्रा की थी। उसे पेशेवर चिकित्सकों की निगरानी में आइसोलेशन में रखा गया है। ब्राजील के साओ पाउलो में सर्वाधिक 52 और इसके बाद रियो डी जनेरियो में 16 मामले दर्ज किये गये हैं।शेष मामले मिनस गेरैस, रियो ग्रांडे डो सुल, रियो ग्रांडे डो नॉर्ट और फेडरल डिस्ट्रिक्ट राज्यों में सामने आए हैं।

70 करोड़ गरीब लोगों के पास घर और शौचालय की सुविधा नहीं थी- सहकारिता मंत्री

सहकारिता से 70 प्रतिशत आकांक्षी लोगों को समृद्ध किया जा सकता है :शाह

नई दिल्ली (वार्ता)। सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सहकारिता के माध्यम से देश में एक टिकाऊ आर्थिक मॉडल के माध्यम से 70 करोड़ आकांक्षी लोगों को आर्थिक रूप से स्वाबलंबी बनाया जा सकता है।

शाह ने 100वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सहकारिता विभाग और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व में विकास के साम्यवादी और पूंजीवादी दो मॉडल थे, जिससे असंतुलित विकास हुआ। सहकारिता मध्यम मार्ग है जिससे सर्वसमावेशी विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश के 70 करोड़ गरीब लोगों को सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि 70 करोड़ गरीब लोगों के पास घर और शौचालय की सुविधा नहीं थी। बिजली और स्वास्थ्य बीमा नहीं था और नहीं खाना पकाने की गैस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ऐसे लोग सपने नहीं देख सकते। मोदी सरकार के दौरान लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा किया गया है और उनकी आकांक्षाएं बढ़ी हैं। ऐसे लोगों को सहकारिता के माध्यम से आर्थिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है।

शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र आगे बढ़े, सरकार उसे सहयोग करने को तैयार है। सहकारिता को सरकार से मांगने की जरूरत नहीं है, बल्कि सरकार सहकारिता को समृद्ध बनायेगी। उन्होंने सहकारिता की खामियों की चर्चा करते हुए कहा कि केवल कानून बनाने से कोई सुधार नहीं हो सकता है, बल्कि सहकारी समितियों को अपने आप पर नियंत्रण करना होगा। उन्होंने देश में सहकारिता की स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि 51 प्रतिशत गांवों में सहकारी समितियां हैं और इसके माध्यम से 19 प्रतिशत कृषि वितरण तथा 35 प्रतिशत उर्वरक वितरण होता है। सहकारी क्षेत्र में 25 उर्वरक तथा 31 प्रतिशत चीनी का उत्पादन होता है। इसी तरह से 10 प्रतिशत दूध, 13 प्रतिशत गेहूं तथा 20 प्रतिशत धान की खरीद सहकारिता के माध्यम की जाती है। देश में 21 प्रतिशत मत्स्य उत्पादन सहकारी समितियों के माध्यम से होता है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद सहकारिता की स्थिति संतोषजनक नहीं है, इसे विकास से जोड़ना है। शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में सुधार के लिए राज्यों में मॉडल बायलाज भेजा गया है, जिसमें उनसे सुझाव मांगे गये हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र से देश में बीज सुधार कार्यक्रम चलाया जायेगा और इसके लिए उर्वरक क्षेत्र की कम्पनी इफ्को और कृभको को जमीन आवंटित की जायेगी। उन्नत बीज के माध्यम से फसलों का उत्पादन 30 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। इसी प्रकार से जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण का कार्य जिला स्तर पर अमूल के माध्यम से किया जायेगा। सहकारिता क्षेत्र के बड़े नेता और सांसद सुरेश प्रभु ने सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए उसे कर के दायरे से बाहर करने पर जोर देते हुए कहा कि यह आम लोगों से जुड़ी संस्थाएं हैं।

रेनो काइगर ने भारत में 50,000 वें वाहन के निर्माण की उपलब्धि हासिल की

चेन्नई। चेन्नई स्थित अपने संयंत्र में निर्मित 50,000वें स्पोर्टी, स्मार्ट और बेहद आकर्षक रेनो काइगर को बाजार में उतारा इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए वाहन को बिल्कुल नए स्टील्थ ब्लैक कलर में पेश किया गया, जिससे रेनो काइगर का लुक पहले से भी ज्यादा शानदार हो गया है इस श्रेणी में कलर की सबसे बेहतर रेंज - चार ड्यूल-टोन कलर कॉम्बिनेशन के साथ सात बेहद आकर्षक रंगों का विकल्प रेनो काइगर को ग्लोबल ह्र्ष्टक्क द्वारा वयस्क यात्रियों की सुरक्षा के लिए 4-स्टार सेफ्टी रेटिंग दी गई है, साथ ही यह कॉम्पैक्ट स्ड्ढ सेगमेंट में जे.डी. पावर-2021 इंडिया इनिशियल क्वालिटी स्टडी (ढ्ढक्तस्) में शीर्ष 2 वाहनों में शामिल है चेन्नई, 04 जुलाई, 2022: भारत में नंबर एक यूरोपीय ब्रांड, रेनो ने आज चेन्नई स्थित अपने संयंत्र में निर्मित 50,000वें रेनो काइगर को बाजार में उतारा है। रेनो इंडिया ने बेहद आकर्षक व शानदार वाहन, रेनो काइगर की जबरदस्त कामयाबी को बनाए रखने के अपने संकल्प पर खरा उतरते हुए और इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, काइगर को बिल्कुल नए स्टील्थ ब्लैक कलर में पेश किया है। श्री वेंकटराम मामिलपल्ले, कंट्री सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रेनो इंडिया ऑपरेशंस के अनुसार, ÷रेनो काइगर को बड़ी संख्या में ग्राहकों ने काफी पसंद किया है, क्योंकि यह वाहन अपने बेहद खास डिजाइन, स्मार्ट फीचर्स, अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं, बेहतरीन गुणवत्ता और शानदार प्रदर्शन के मामले में उन्हें पैसा वसूल प्रस्ताव देता है। भारत में कॉम्पैक्ट स्ड्ढ सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा सबसे ज्यादा है और काइगर ने इस सेगमेंट में अपनी काबिलियत साबित की है। इतना ही नहीं, महामारी की समस्याओं के साथ-साथ वर्तमान में जारी सेमीकंडक्टर संकट के बावजूद 50,000वें वाहन के निर्माण की उपलब्धि सही मायने में इस चुनौतीपूर्ण सेगमेंट में रेनो काइगर की कामयाबी की एक और मिसाल है। भारत में हमारी प्रगति में इस स्पोर्टी, स्मार्ट और बेहद आकर्षक स्ड्ढ का अहम योगदान है।

सतारा के महुली मंदिरों के विकास के लिए बनायी जाएगी रिपोर्ट

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एनएमए) महाराष्ट्र में दक्षिण काशी क्षेत्र के रूप में प्रसिद्ध प्राचीन माहुली समूह क्षेत्र के मंदिरों के व्यापक विकास के लिए एक रिपोर्ट केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय को सौंपेगा। सतारा के पास स्थित 11वीं और 12वीं सदी से संबंधित पांच मंदिर के इस प्रसिद्ध समूह को दक्षिण काशी के नाम से जाना जाता है। ये मंदिर हेमाडपंथी वास्तुकला शैली की सुंदर कृति हैं। यह क्षेत्र प्रसिद्ध कोयना अभयारण्य क्षेत्र के नजदीक है

मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार एनएमए के अध्यक्ष तरुण विजय ने महान मराठा रानी-रानी ताराबाई भोंसले और रानी येशो बाई भोंसले की महुली (सतारा) में स्थित समाधियों की स्थिति जानने के लिए वहां का दौरा किया। वह माहुली के मंदिरों की स्थिति की भी जानकारी ली। श्री विजय के साथ साथ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वरिष्ठ अधिकारी गजानन मंडावारे और प्रसिद्ध मराठा इतिहासकार श्री मोहन शेटे भी थे। श्री तरुण विजय ने कहा कि महारानी ताराबाई का भारत की स्वतंत्रता और मुगलों को विफल करने में उनके साहसी शासन का अपार योगदान है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनकी स्मृति को संरक्षित किया जाना चाहिए। श्री तरुण विजय ने कहा कि वह इस संबंध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास करेंगे। एनएमए की टीम ने रामटेक मंदिर समूह, अंबाला गेट, सिंदूरी बावली, मानसर बौद्ध स्तूप का भी दौरा किया। विज्ञप्ति के अनुसार एनएमए केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी को एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

अमेरिका में बंदूकधारी ने दो लोगों की हत्या की

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के डलास फोर्ट वर्थ क्षेत्र में घर में आत्महत्या करने से पहले एक बंदूकधारी ने दो लोगों को मार दिया और तीन पुलिस अधिकारियों सहित चार लोगों को घायल कर दिया। खलीज टाइम्स ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि यह घटना हाल्टम शहर के पास हुई तथा घायल लोग खतरे से बाहर है। एक व्यक्ति घर के अंदर मृत मिला जबकि दूसरा बाहर मिला। एक अन्य वृद्ध महिला ने जिसने 911 पर फोन किया जिसकी पहचान नहीं हुई है उस पर भी हमला किया गया। उन्होंने कहा कि एक पड़ोसी के घर से बनाये गये वीडियो में दिखाया गया है कि तीन अधिकारी वहां आ रहे थे तभी बूंदकधारी ने गोलीबारी कर दी जिससे तीनों अधिकारी घायल हो गये। अधिकारियों ने वापस गोली चलाई तो वह पिछले दरवाजे से भाग गया।

कर्नाटक की सिनी शेट्टी ने 'फेमिना मिस इंडिया 2022' का खिताब जीता

नई दिल्ली (वार्ता)। कर्नाटक की सिनी शेट्टी ने 'फेमिना मिस इंडिया 2022' का खिताब जीत लिया। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में रविवार की रात आयोजित फेमिना मिस इंडिया-2022 प्रतियोगिता में राजस्थान की रूबल शेखावत प्रथम उपविजेता और उत्तर प्रदेश की शिनाता चौहान द्वितीय उपविजेता रहीं।

'फेमिना मिस इंडिया' ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ÷ वह 21 वर्ष की है। दुनिया - यहाँ वह आयी है। सिनी शेट्टी ने अपने चुंबकत्व, आकर्षण, धीरज और सुंदरता से हमारे दिलों पर कब्जा कर लिया है! हमें बहुत गर्व है और हम उसे मिस वर्ल्ड के मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते! कृपया इसे फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड-2022 सिनी शेट्टी के लिए छोड़ दें। 'फेमिना मिस इंडिया' ने इंस्टाग्राम पर महिलाओं की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'बधाई हो चलो शैंपेन पॉप करें! इन महिलाओं के पास एक शक्तिशाली आवाज है और हमें यकीन है कि वे इस मंच का उपयोग उन सभी महत्वपूर्ण कारणों को आगे बढ़ाने के लिए करने जा रही हैं जिन पर वे विश्वास करती हैं। हमने उस जुनून को देखा है जिसके साथ उन्होंने इन खिताबों के लिए काम किया है और हमें कहना होगा कि वे इसके हर बिट के लायक हैं। बधाई हो, देवियों- यह सिनी शेट्टी , रूबल शेखावत और शिनाता चौहान को मनाने का समय है। मिस इंडिया-2022 के लिए देश भर से 30 युवतियां प्रतिभागी रहीं। बॉलीवुड कलाकार नेहा धूपिया, डिनो मोरिया और मलाइका अरोड़ा, मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित गांधी और राहुल खन्ना, कोरियोग्राफर श्यामक डावर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर मिताली राज ग्रैंड फिनाले के लिए जूरी सदस्य थे। वीएलसीसी प्रस्तुत 'फेमिना मिस इंडिया 2022' के ग्रैंड फिनाले का प्रसारण 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे और शाम पांच बजे कलर्स चैनल पर होगा।

राहुल की छवि खराब करने वाले रहें परिणाम भुगतने को तैयार : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि उसके शीर्ष नेतृत्व और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की छवि खराब करने का जो भी प्रयास करेगा उसे परिणाम भुगतने को भी तैयार रहना होगा।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा तथा सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल सामाजिक सुरक्षा के लिए होना चाहिए लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता इस मीडिया का इस्तेमाल घृणा, नफरत और झूठ फैलाकर देश का माहौल बिगाड़ने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व सूचना और प्रसारण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ झूठ को बढ़ावा देते हैं और सोशल मीडिया पर श्री गांधी की छवि खराब करने वाले फर्जी वीडियो को बिना जांच पड़ताल के अग्रसारित करते हैं। इसी तरह का झूठ भाजपा के सांसद और विधायक भी फैला रहे हैं और श्री गांधी के खिलाफ सुनियोजित षडयंत्र कर रहे है।

कांग्रेस प्रवक्ताओं ने कहा कि उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा लंबे समय से झूठ फैलाने का काम कर रही है और उनकी छवि खराब कर उनको बदनाम करने का प्रयास कर रही है लेकिन कांग्रेस सत्याग्रह के माध्यम से इसका विरोध करती रहेगी और हमेशा अपने नेता के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि फर्जी खबर फैलाने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ छह जगह शिकायत और एक जगह प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इटली में ग्लेशियर ढहने से छह लोगों की मौत

पेरिस (वार्ता)। इटली के आल्प्स में ग्लेशियर ढहने से हुए हिमस्खलन के कारण छह लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य लापता हो गए है। मीडिया रिपोर्ट्स में सोमवार को यह जानकारी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बचावकर्मी रात भर प्रभावित इलाके में हेलिकॉप्टर के जरिए लापता लोगों की तलाश में लगे रहे। बीबीसी ने बताया कि घटना के एक वीडियो में क्षेत्र के सबसे ऊंचे पर्वत मर्मोलदा की ढलानों से बर्फ का एक पिंड गिरते हुए दिखाई दे रहा है। आपातकालीन सेवाओं की प्रवक्ता मिशेला कैनोवा ने बताया, ÷ हिमस्खलन के कारण बर्फ की एक चट्टान पर्वतारोही दल के टकराने से कुछ लोग बह गए।

देश में कोरोना के 16135 नये मामले

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के पिछले 24 घंटों में 16135 नये मामले सामने आये है। जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर चार करोड़ 35 लाख 18 हजार 564 हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के तहत 01 लाख 78 हजार 383 टीके लगाये गये। जिससे अब तक 197 करोड़ 98 लाख 21 हजार 197 टीके लगाये जा चुके है। इसी अवधि में 13958 मरीजों के स्वस्थ होने पर संक्रमण मुक्त होने वालों की संख्या कुल चार करोड़ 28 लाख 79 हजार 477 हो गई। देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत और रिकवरी दर 98.53 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटों में 2153 सक्रिय मामले सामने आये है जिससे इनकी संख्या बढ़कर एक लाख 13 हजार 864 हो गई है। इसी दौरान देश में 3,32,978 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 86 करोड़ 39 लाख 99 हजार 907 कोविड़ परीक्षण किए जा चुके हैं। केरल में कोरोना वायरस के 22 सक्रिय मामले बढ़कर 29,527 हो गये हैं। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 3611 बढ़कर 65,50,377 हो गयी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 962 घटकर 22,485 रह गयी है तथा 3918 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 7814871 तक पहुंच गया है।

टोयोटा की पहली सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी लांचे

टोयोटा ने प्रतिष्ठा वाले बी-एसयूवी सेगमेंट में प्रवेश किया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत में बी एसयूवी सेगमेंट में नए अर्बन क्रूजर हाइराइडर का अनावरण किया। यह टोयोटा की पहली सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी है जो भारत में अपनी तरह की पहली, बी एस यू वी सेगमेंट में है। टोयोटा की टिकाऊ मोबिलिटी पेशकशों में से एक के रूप में, अर्बन क्रूजर हाइराइडर को अपनी बोल्ड और परिष्कृत स्टाइल तथा उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ टोयोटा की वैश्विक एसयूवी श्रृंखला में होना उसकी विरासत है, जो इसे इस सेगमेंट में एक आदर्श विकल्प बनाती है। नया मॉडल एक शानदार शांत केबिन के साथ सर्वोच्चप्रदर्शन और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता प्रदान करता है, इससे नई एसयूवी भारतीय कार खरीदार की विविध आवश्यकताओं के लिए एक आदर्श मेलबन जाती है। अर्बन क्रूजर हाइराडर 'सेगमेंट में पहली' कईखासियतोंसे युक्तहोगा, इनमेंएक सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक पावरट्रेन शामिल है जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन कुशलताप्रदान करता है। विश्व स्तर पर प्रशंसित टोयोटा के सेल्फ चार्जिंग स्ट्रांगहाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल (एसएचईवी) तकनीक का भारत के आमवर्ग (माससेगमेंट) में प्रवेश का प्रतीक है, और इस तरह टोयोटा के 'मास इलेक्ट्रीफिकेशन ' के प्रयासों को बढ़ावा मिला है। उन्नत बॉडीनिर्माणके आधार पर, अर्बन क्रूजर हाइडर को हरित भविष्य के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो अनुकरणीय गतिशील प्रदर्शन, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन किफायती, त्वरित त्वरण, कम उत्सर्जन और एक सुचारू ड्राइव का अनूठा संयोजन प्रदान करता है । इसके अनावरण के अवसर पर उपस्थित, श्री विक्रम किर्लोस्कर- वाइस चेयरमैन, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा , ÷टोयोटा को हमेशा प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने वाले एक स्थायी समुदाय के निर्माण की मजबूत प्रतिबद्धता द्वारा निर्देशित किया गया है। हमारा एक प्रमुख फोकस निम्न कार्बन ऊर्जा स्रोतों की ओर स्थानांतरित करना और विभिन्न महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय लक्ष्यों के समर्थन में व्यावहारिक और टिकाऊ गतिशीलता समाधान प्रदान करना है। हम एक 'कार्बन न्यूट्रल सोसाइटी' को साकार करने की दृष्टि के साथ, एक स्वच्छ और हरित भविष्य बनाने की जिम्मेदारी को सामूहिक रूप से निभाने में विश्वास करते हैं। इन लक्ष्यों के अनुरूप, हम अर्बन क्रूजर हाइराइडरको पेश करते हुए बहुत खुश हैं।

जापान में तूफान ऐरे के कहर की आशंका

टोक्यो (वार्ता/स्पूतनिक)। जापान के मियाजाकी प्रान्त में स्थित निचिनन शहर में उष्णकटिबंधीय तूफान÷ ऐरे÷ के पहुंचने की आशंका को देखते हुए यहां के 17,000 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जापानी मीडिया द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। एनएचके प्रसारक ने सोमवार को बताया कि भारी बारिश और भूस्खलन के बढ़ते खतरे को मद्देनजर रखते हुए, स्थानीय निवासियों को सुरक्षित बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया। एनएचके के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान ऐरे के मंगलवार को जापान के दक्षिण-पश्चिमी मुख्य द्वीप क्यूशू पहुंचने के आसार हैं। मियाज़ाकी प्रान्त में आज सुबह प्रति घंटे 37 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

मुख्यमंत्री ने बैकुंठपुर विस क्षेत्र में 87.20 करोड़ की लागत से कुल 19 कार्यों का किया लोकार्पण तथा भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा आज बैकुण्ठपुर विश्राम गृह में बैकुण्ठपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल 87 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत के 19 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया जिनमें 58 करोड़ 96 लाख रुपए लागत के 8 कार्यों का लोकार्पण तथा 28 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत के 11 कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

भूमिपूजन के प्रमुख कार्य-

खड़गवां के ग्राम गिद्धमुड़ी में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य 28.16 लाख रुपए की लागत राशि से, बैकुण्ठपुर में नवीन आयुष पॉलिटेक्निक भवन निर्माण कार्य 255.00 लाख रुपए की लागत राशि से, बैकुण्ठपुर में जिला चिकित्सालय में हमर लैब की स्थापना एवं अधोसंरचना हेतु 25 लाख रुपए की लागत राशि, आमापारा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य हेतु 28.51 लाख रुपए की लागत राशि से, चिरमी से पेटमा मार्ग पर गेज नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुच मार्ग का निर्माण कार्य 764.83 लाख रुपए की लागत राशि से, एन एच 43 मुक्तिधाम के पास गेज नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण 313.75 लाख रुपए लागत राशि से, जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पेजयल व्यवस्था हेतु 49 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना 515.00 लाख रुपए लागत राशि से, सरडी शिवपुर तेंदुपारा पहुॅच मार्ग का निर्माण कार्य 279.00 लाख रुपए लागत राशि से, डोहड़ा से टेंगनी के 7 किमी मार्ग का निर्माण 276.28 लाख रुपए लागत राशि से, ग्राम पंचायत खरवत में स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम विद्यालय का नव निर्माण एवं जीर्णोद्धार 137.38 लाख रुपए की लागत राशि के तथा प्रकाश व्यवस्था हेतु 50 नग सोलर हाई मास्ट स्थापना हेतु 202.00 लाख रुपए की लागत राशि के कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

लोकार्पण के प्रमुख कार्य-

जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पेजयल व्यवस्था हेतु 140 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना 2141.00 लाख रुपए लागत राशि से, सौर सुजला योजनान्तर्गत 491 नग सोलर पंप की स्थापना 1365.00 लाख रुपए लागत राशि से, खाडा से एन.एच. रनई व्हाया अमहर-चिरगुडा- तेन्दुआ के 18.40 किमी सड़क का निमार्ण कार्य 1151.99 लाख रुपए लागत राशि से, नगर से सलका व्हाया गदबदी - डोडीबहरा- सारा 17.40 किमी का निमार्ण 609.39 लाख रुपए लागत राशि से, ग्राम भण्डारपारा से शंकरपुर मार्ग से लोटानपारा पहुॅच मार्ग लं. 03 किमी पुल-पुलियों निमार्ण 287.85 लाख रुपए लागत राशि से, केनापारा एन. एच. से नरसिंहपुर-देवरी-भण्डारपारा तक 1.50 किमी मार्ग 241.54 लाख रुपए लागत राशि से, बैकुण्ठपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनसुख में स्टाफक्वाटर निर्माण 62.00 लाख रुपए की लागत राशि से, बैकुण्ठपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना में 10 बिस्तरीय आइसोलेशन वार्ड निर्माण कार्य 37.28 लाख रुपए लागत राशि के कार्यों का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मरवाही के महाविद्यालय परिसर में स्थापित आदिवासी नेता स्व. डॉ. भँवर सिंह पोर्ते की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया...

मरवाही के महाविद्यालय परिसर में स्थापित आदिवासी नेता स्व. डॉ. भँवर- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मरवाही के महाविद्यालय परिसर में स्थापित आदिवासी नेता स्व. डॉ. भँवर सिंह पोर्ते की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने डॉ. पोर्ते के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. पोर्ते ने आदिवासियों के उत्थान एवं आदिवासियों के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आज उनके प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिये सौभाग्य की बात है। हमें डॉ. पोर्ते का जीवन प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री की विशेष घोषणाएं

07

- रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षाएँ शुरू की जाएँगी।
- ग्राम अण्डी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नया सेटअप दिए जाने के निर्देश।
- ग्राम मरवाही में मुख्य मार्ग से डी.ए.व्ही. होते हुए रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तक डामरीकृत सड़क की स्वीकृति।
- ग्राम सिवनी, खोडरी, कोडगार में नवीन पुलिस थाना खोलने की घोषणा।
- मरवाही में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- दलदली नाला पर एनीकट-कम-काजवे का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेने लोगों में लगी होड़...

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात से पहले माता नागेश्वरी देवी मंदिर पहुँचकर किए दर्शन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात के क्रम में आज से बिलासपुर संभाग में कार्यक्रम का आग़ाज़ किया। बिलासपुर संभाग में भेंट-मुलाक़ात की शुरुआत के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सबसे पहले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ज़िले को चुना है। मरवाही पहुँचने पर मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम जनता ने गमछा व चरखे से काते गए सुत धागा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज मरवाही में भेंट-मुलाक़ात से पहले माता नागेश्वरी देवी मंदिर पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने माता नागेश्वरी देवी से छत्तीसगढ़वासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। स्थानीय लोगों के मुताबिक़ यहाँ नागेश्वरी देवी की प्रतिमा स्वयंभू प्रकट हुई हैं। वहीं पुरातात्विक दृष्टि से लगभग 10वीं शताब्दी की बतायी जाती हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने देवी मां के दर्शन व पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में कदम्ब, नीम और पीपल का पौधा रोपा और उस पर पानी सींचते हुए हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ के.के. ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

करगीकला की रुख्मिणी दास मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आवास की माँग की

करगीकला की रुख्मिणी दास मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आवास की माँग की। उन्होंने बताया कि उनके पास आवास नहीं है। इस पर मुख्यमंत्री ने ज़िला कलेक्टर को शासकीय योजना का लाभ दिलाते हुए आवास की उपलब्धता सुनिश्चित करने निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने मकान जलने के बाद आवास की माँग करने वाली रुख्मिणी दास मानिकपुरी को भेंट-मुलाक़ात कार्यक्रम के अंत में क्षतिपूर्ति की राशि 10 हज़ार रुपये का चेक प्रदान किया। हाट बाज़ार क्लिनिक योजना को लेकर मुख्यमंत्री के सवाल पर करगीकला के विशाल उरेती ने बताया कि उनके गाँव समेत रानीकुल्ही, गुल्लीडांढ में नियमित रूप से हाट बाज़ार क्लिनिक लगाया जाता है। विशाल ने स्वयं शारीरिक समस्या होने पर हाट बाज़ार क्लिनिक में जाकर निःशुल्क अपना उपचार कराया है।